■ वैशाख कृष्ण - 1 ■ संवत 2082 ■ वर्ष - 12 ■ अंक - 254 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » रविवार » 13-04-2025 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित





5 राणा सांगा की बहादुरी भारतीयों को प्रेरित करती रहेगी : योगी आदित्यनाथ

6 कैप्टन तेजबंस सिंह चहल: दुश्मन को न लग जाए भनक, इसलिए दर्द सहकर भी करते रहे निगरानी

7 जिसे गोशाला में बदबू आए, उसे भारत में रहने का अधिकार नहीं : मोहन यादव

HARIOM SMILES CHENNAI



Spiritual Healer & Empowering Orator

13th April 2025 3pm to 5pm

@Chinmaya Heritage Center Tapovan Hall Auditorium, Harrington Road, Chennai.

For more details Contact. 9840794472,9600048105

## फर्स्ट टेक

### ईवीएम पूरी तरह सुरक्षित, छेड़छाड़ संभव नहीं : मुख्य निर्वाचन आयुक्त

**रामगढ़ (झारखंड)/भाषा।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने शनिवार को कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पूरी तरह ''सुरक्षित'' हैं और इनसे ''छेड़छाड़'' करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत में इस्तेमाल की जाने वाली ईवीएम को इंटरनेट, ब्लूटूथ या इंफ्रारेड से नहीं जोड़ा जा सकता और इसके साथ छेड़छाड़ करना किसी भी तरह से संभव नहीं है। झारखंड के रामगढ़ जिले में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा, ''ईवीएम की कानूनी पड़ताल की जा चुकी है। भारत में इस्तेमाल होने वाली ईवीएम को इंटरनेट, ब्लूटूथ या इंफ्रारेड से नहीं जोड़ा जा सकता है। ईवीएम को किसी भी तरह से किसी चीज से नहीं जोड़ा जा सकता। इससे छेड़छाड़ करना संभव नहीं है। इसलिए, भारत की ईवीएम पूरी तरह सुरक्षित हैं।''

### राष्ट्रपति को विधेयकों पर तीन महीने के भीतर निर्णय लेना चाहिए : न्यायालय

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने पहली बार यह निर्धारित किया है कि राज्यपाल द्वारा रोके गए और राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखे गए विधेयकों पर उन्हें तीन महीने की अवधि के भीतर निर्णय लेना चाहिए। दरअसल चार दिन पहले शीर्ष अदालत ने उन 10 विधेयकों को मंजूरी दी जिन्हें तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखा था। साथ ही न्यायालय ने सभी राज्यपालों को राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई के लिए समयसीमा निर्धारित की थी। 415 पृष्ठों का यह फैसला शुक्रवार रात 10.54 बजे शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। न्यायालय ने कहा, ''हम गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित समय-सीमा को अपनाना उचित समझते हैं... और निर्धारित करते हैं कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा उनके विचारार्थ सुरक्षित रखे गए विधेयकों पर संदर्भ प्राप्त होने की तिथि से तीन माह की अवधि के भीतर निर्णय लेना आवश्यक है।''

| 13-04-2025 सूर्यास्त | 14-04-2025 सूर्योदय |
|---|---|
| 6:21 बजे | 6:56 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 75,157.26 | 22,828.55 |
| (+1,310.11) | (+429.40) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 9,312 रु. | 102,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### आखिर क्यों...?

जरा सभी को बताओ,
कौनसा बीज छांट रहे हो।
गलती किससे हुई है,
और किसको डांट रहे हो।
जिनको मिलाना था,
उनको ही फांट रहे हो।
इत्र को छोड़ कर मित्र,
क्यों जहर बांट रहे हो।।

# 'खुद को 'आलमगीर' कहने वाला औरंगजेब महाराष्ट्र में हारा'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रायगढ़(महाराष्ट्र)/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता की प्रशंसा करते हुए कहा कि खुद को 'आलमगीर' कहने वाला मुगल बादशाह औरंगजेब जीवन भर मराठों के खिलाफ लड़ाई लड़ता रहा, लेकिन पराजित हुआ और यहीं दफनाया गया। शाह ने मराठा शासक शिवाजी महाराज की 345वीं पुण्यतिथि पर रायगढ़ किले में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज के स्वधर्म और स्वराज्य के आदर्श देश की आजादी के शताब्दी वर्ष तक महाशक्ति बनने की भारत की महत्वाकांक्षा को प्रेरित करते रहेंगे।

शाह ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं महाराष्ट्र के लोगों से अपील करता हूं कि वे छत्रपति शिवाजी महाराज को राज्य तक सीमित न रखें। उनकी जबरदस्त इच्छाशक्ति, दृढ़ संकल्प और साहस देश को प्रेरित करते हैं क्योंकि उन्होंने रणनीतिक रूप से समाज के सभी वर्गों को एकजुट किया। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने मुगलशाही (मुगल शासन) को हराया था। शाह ने कहा, यहां तक कि अपने आप को आलमगीर (दुनिया को जीतने वाला) कहने वाला व्यक्ति (औरंगजेब) महाराष्ट्र में पराजित हुआ और यहीं उसकी समाधि बनी।'' महाराष्ट्र में छत्रपति संभाजीनगर जिले के खुल्ताबाद में, 17वीं सदी के मुगल बादशाह की कब्र को हटाने की दक्षिणपंथी संगठनों की मांग को लेकर हाल में एक बड़ा राजनीतिक विवाद शुरू हुआ था।

शाह ने कहा, महान मराठा योद्धा (शिवाजी) के आदर्श भारत को अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाने और महाशक्ति बनने की यात्रा के दौरान प्रेरित करते हैं। (केंद्र की) नरेन्द्र मोदी सरकार शिवाजी महाराज के आदर्शों पर काम करती है।

गृह मंत्री ने रायगढ़ किले को एक पर्यटन स्थल के बजाय भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। इसी किले में शिवाजी महाराज की समाधि है। उन्होंने स्वधर्म की रक्षा और स्वराज्य की स्थापना के बीज बोने का श्रेय शिवाजी महाराज की मां जीजाबाई को दिया।

शाह ने कहा कि भारत 2047 में अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएगा और एक महाशक्ति बनने की आकांक्षा रखता है, ऐसे में शिवाजी महाराज एक प्रेरणा स्रोत हैं।

## करगा महोत्सव



बेंगलूरु के तिंगलरपेट स्थित श्री धर्मरायस्वामी मंदिर का दौरा मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने किया। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना की और करगा शक्तिोत्सव महारथोत्सव में श्रद्धा अर्पित की।

# हमें लालच या भय के कारण धर्म परिवर्तन नहीं करना चाहिए : भागवत

**वलसाड (गुजरात)/भाषा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि रोजमर्रा की जिंदगी में लालच और प्रलोभन का सामना करना पड़ सकता है और ये चीजें लोगों को उनके धर्म से दूर कर सकती हैं, लेकिन धर्म ही सभी को खुशी की ओर ले जा सकता है।



भागवत ने वलसाड जिले के बारुमल स्थित सद्गुरुधाम में श्री भाव भावेश्वर महादेव मंदिर के रजत जयंती समारोह में भाग लेते हुए कहा कि लोगों को लालच या भय के प्रभाव में आकर अपना धर्म नहीं बदलना चाहिए।

संघ प्रमुख ने कहा, ''हम एकजुट होना जानते हैं और एकजुट होना चाहते हैं। हम लड़ना नहीं चाहते। लेकिन हमें खुद को बचाना होगा क्योंकि आज भी ऐसी ताकतें हैं जो चाहती हैं कि हम बदल जाएं (धर्म परिवर्तन कर लें)।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन जब हमारे दैनिक जीवन में ऐसी कोई ताकत नहीं होती, तब भी लालच और प्रलोभन की घटनाएं सामने आती हैं।''

भागवत ने कहा कि महाभारत के समय धर्म परिवर्तन करने वाला कोई नहीं था, लेकिन पांडवों का राज्य हड़पने के लालच में दुर्योधन ने जो किया वह 'अधर्म' था।



# बंगाल में वक्फ से जुड़ी झड़पों में तीन लोगों की मौत

■ अदालत ने सीएपीएफ की तैनाती का आदेश दिया

■ मुर्शिदाबाद में विरोध प्रदर्शन हुआ हिंसक

■ 138 से अधिक लोग गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ जारी प्रदर्शन से कथित रूप से जुड़ी हिंसक झड़पों में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई जिसके बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को घोषणा की कि राज्य में वक्फ (संशोधन) अधिनियम लागू नहीं किया जाएगा।

सुती और शमशेरगंज जैसे इलाकों में बढ़ती अशांति के बीच, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रभावित क्षेत्रों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की तैनाती का आदेश दिया।


न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि जब ऐसे हालात पैदा हो जाते हैं तो न्यायालय ''अपनी आंखें मूंदे नहीं रह सकता'' और आम लोगों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। अदालत ने केंद्र और राज्य को 17 अप्रैल को अगली सुनवाई से पहले स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया।

मुर्शिदाबाद के सुती और शमशेरगंज प्रखंडों में विरोध प्रदर्शन के हिंसक हो जाने से पिता-पुत्र सहित कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 138 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रदर्शनकारियों को शांत करने के लिए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि संबंधित कानून केंद्र सरकार ने बनाया गया है, उनकी सरकार ने नहीं।

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, याद रखें, हमने वह कानून नहीं बनाया, जिस पर बहुत लोग नाराज हैं। यह कानून केंद्र सरकार ने बनाया है। इसलिए आप जो जवाब चाहते हैं, वह केंद्र सरकार से मांगना चाहिए। उन्होंने पूछा, हमने इस मामले में अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है - हम इस कानून का समर्थन नहीं करते। यह कानून हमारे राज्य में लागू नहीं होगा। तो दंगा किसलिए।

## गाजा से रफा को अलग करने वाले नये गलियारे का निर्माण कार्य पूरा हो गया: इजराइल

**तेल अवीव/एपी।** इजराइल ने रफा शहर को गाजा पट्टी के बाकी हिस्सों से अलग करने वाले नए 'मोराग गलियारे' का निर्माण कार्य पूरा कर लेने की घोषणा शनिवार को की। इजराइल के इस कदम से फलस्तीनियों की जमीन और भी कम हो गई है और हवाई हमले पूरे क्षेत्र में जारी हैं। इजराइली सेना के एक बयान में बताया कि सेना ने 'रफा की घेराबंदी पूरी कर ली है'। सेना द्वारा रफा के अधिकांश हिस्सों को गलियारे के दायरे में लाते हुए व्यापक निकासी का आदेश दिए जाने के बाद, 36वीं डिवीजन के साथ इजराइली सैनिकों को पिछले सप्ताह मोराग में तैनात किया गया था। इस आदेश से यह संकेत मिला था कि इजराइली सेना जल्द ही एक और बड़ा जमीनी अभियान शुरू कर सकती है। मोराग, एक यहूदी बस्ती का नाम था जो कभी रफा और खान यूनिस के बीच स्थित थी। इजराइल ने हमास पर शेष 59 बंधकों को रिहा करने के लिए दबाव बनाने के लिए फलस्तीनी क्षेत्र के बड़े हिस्से पर कब्जा करने का संकल्प लिया था, जिसके बाद यह निर्माण कार्य शुरू किया गया था। इजराइल को बंधकों में से 24 के जीवित होने का अनुमान है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार ने भोजन, ईंधन और मानवीय सहायता पर एक महीने तक नाकाबंदी भी लगाई हुई है, जिससे क्षेत्र के लगभग 20 लाख फलस्तीनियों को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।




# भारत, इटली के बीच द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि की काफी संभावनाएं है : राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इतालवी कंपनियों को भारत में अपना परिचालन बढ़ाने के लिए आमंत्रित करते हुए शनिवार को कहा कि भारत और इटली के बीच द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि की काफी संभावनाएं हैं।

मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ उनसे मिलने आए इटली के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी का स्वागत करते हुए यह टिप्पणी की।



राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और इटली की जड़ें प्राचीन सभ्यतागत विरासत से जुड़ी हैं और दोनों देशों का ''अपने दर्शन, साहित्य एवं कला'' के माध्यम से दुनिया को योगदान देने का गौरवशाली इतिहास है। उन्होंने कहा कि भारत और इटली व्यापार एवं लोगों तथा विचारों के आदान-प्रदान के माध्यम से सदियों से एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

मुर्मू ने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश में वृद्धि की बहुत संभावना है।

राष्ट्रपति ने कहा, ''भारत की तीव्र आर्थिक वृद्धि और 2047 तक 'विकसित भारत' का खाका औद्योगिक साझेदारी और सहयोग के कई अवसर मुहैया कराते हैं। उन्होंने इतालवी कंपनियों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) को विशेष रूप से विनिर्माण और सह-उत्पादन के लिए भारत में अपने परिचालन का विस्तार करने के लिए आमंत्रित किया।

# अमेरिकी शुल्कों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर मामूली प्रभाव पड़ेगा : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए शुल्कों के कारण भले ही दुनिया चिंतित है, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर बनी हुई है और इसका कम से कम असर पड़ने की आशंका है। पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने कहा कि मुद्रा योजना से एमएसएमई क्षेत्र को बहुत फायदा हुआ है। ट्रंप के शुल्क को लेकर वैश्विक स्तर पर घबराहट है।

हालांकि, भारतीय अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर है और इस पर इसका असर बहुत कम होगा। यह इस झटके को झेल लेगी और इसे आगे बढ़ने के अवसर के रूप में इस्तेमाल करेगी। इस्लाम ने कहा, अगर आप आंकड़ों को देखें, तो यह स्पष्ट रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शाता है - चाहे वह मजबूत पूंजीगत व्यय हो या सतत विकास की लय हो। प्रवक्ता ने कहा कि 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आर्थिक बदलाव पर काम कर रहे हैं। इस्लाम ने कहा, उनके पहले कदमों में से एक लोगों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने के लिए जन धन योजना शुरू करना था। आज, 53 करोड़ से अधिक लोग इस योजना से जुड़े हैं और उनमें से लगभग 70 प्रतिशत महिलाएं हैं। उन्होंने कहा, ''इसके बाद उन्होंने मुद्रा योजना शुरू की, जो अब छोटे व्यवसायों और उद्यमिता को समर्थन देने के लिए एक वैश्विक मॉडल बन गई है।''

इस्लाम ने कहा कि 2014 से पहले, इस क्षेत्र ने अर्थव्यवस्था में लगभग 15 प्रतिशत का योगदान दिया था। उन्होंने कहा, ''आज यह बढ़कर 20 प्रतिशत हो गया है। उल्लेखनीय रूप से, मुद्रा ऋण खातों में से 50 प्रतिशत अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उद्यमियों के हैं, जो उन लोगों को सशक्त बना रहे हैं जिन्हें लंबे समय से वंचित रखा गया था।'' इस्लाम ने तमिलनाडु के वन मंत्री के. पोनमुडी की कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर हमला भी बोला। उन्होंने कहा, ''तमिलनाडु में द्रमुक पूरी तरह से बेनकाब हो गई है। उनके वन मंत्री के. पोनमुडी ने वैष्णव और शैव, दोनों का अपमान किया है और हिंदी भाषियों को 'पानी पूरी बेचने वाले' कहकर अपमानजनक टिप्पणी की है। उन्होंने बार-बार सनातन धर्म का अपमान किया है। उन्होंने कहा, ऐसी ओछी और आपत्तिजनक टिप्पणियों के बावजूद, पार्टी ने कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की है। इस्लाम ने कहा, हम दृढ़ता से मांग करते हैं कि के पोनमुडी को तुरंत उनके मंत्री पद से हटाया जाए।

## सहज स्मृति योग



**व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।**

**प्रश्न:** गुरु जी क्या कोई ऐसा उपाय है जिसे अपनाने से जीवन में कभी कोई समस्या ही उत्पन्न न हो ?

**उत्तर:** हाँ, उपाय तो है ही।पर, उपाय का उपयोग गुरु आश्रय लेकर करता है कोई क्या ? यही तो समस्या है। समस्या उत्पन्न न हो इसका उपाय है स्वयं का समाधिस्थ हो जाना, समाधान हो जाना। समाधान या समाधिस्थ होने के लिए जो उपाय है उनमें पहला कदम है हर क्रिया को उस क्रिया के लिए तय मुहूर्त में सम्पन्न करना। ऐसा करने पर सारा जीवन एक अनवरत अवसर की तरह फैले क्षण सा बीतता चला जाता है। कब जन्म लेकर होश संभाला और कब मृत्यु आ गई इन दोनों बिंदुओं के बीच की अवधि जिसे तुम जीवन कहते हो वह प्रत्यंचा से छूटे तीर की तरह सन्नाती हुई निकल जाती है।



# तप ही जीवन का अमृत है : मलयप्रभसागर

## बसवनगुड़ी में सम्पन्न हुई चैत्र पूर्णिमा आराधना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जिनकुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुड़ी के तत्वावधान में संतश्री मलयप्रभसागरजी एवं मुकुलप्रभसागरजी की निश्रा में शत्रुंजय महातीर्थ की भावयात्रा और चैत्र पूर्णिमा की आराधना करवाई गई। गुरुदेव ने अपने प्रवचन में कहा कि आज नवपद ओली जी के आखरी नवें दिवस हमें तप पद की आराधना करनी है। तप ही जीवन का अमृत है।

जैसे अमृत मिलने पर मृत्यु का डर समाप्त हो जाता है वैसे ही हमारे जीवन में तप रूपी अमृत आने पर जीवन अमर हो जाता है। दूध को तपाने से मलाई, अन्न को तपाने से स्वादिष्ट भोजन, सोने को तपाने से आभूषण बन जाता है। वैसे ही शरीर को तप की अग्नि द्वारा तपाने से हमारे कर्म रूपी मैल हटने लगता है।

ट्रस्ट के अध्यक्ष तेजराज मालानी ने कहा कि प्रातः की भोर वेला में शत्रुंजय महातीर्थ की भावयात्रा और चैत्री पूर्णिमा की संगीतमय विविध पांच चैत्यवन्दन सहित आराधना करवाई गई। महामंत्री कुशलराज गुलेच्छा ने कहा कि आज ही के दिन शत्रुंजय महातीर्थ की भूमि से आदिनाथ भगवान के प्रथम गणधर पुण्डरीक स्वामी के साथ पांच करोड़ मुनियों ने मोक्ष प्राप्त किया था। प्रवक्ता अरविन्द कोठारी ने बताया कि गुरुदेव मलयप्रभसागरजी ने बहुत ही सुन्दर भाव से गाथाओं के चैत्यवन्दन करवाए और परमात्मा के मधुर स्तवन गाए। प्रचार प्रसार संयोजक ललित डाकलिया ने बताया कि अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद् बेंगलूरु शाखा द्वारा इस अवसर पर गुरुदेव इकतीसा का पाठ भी किया।

# क्रय शक्ति घट रही है, सरकार इस संकट को स्वीकार नहीं रही: कांग्रेस



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि देश में लोगों की वास्तविक क्रय शक्ति घटती जा रही है, लेकिन सरकार इस संकट को स्वीकार करने को तैयार नहीं है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यदि सरकार इस संकट को स्वीकारती है तो उसे पिछले 11 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था को हुए संरचनात्मक नुकसान को स्वीकार करना होगा। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, वास्तविक आय में ठहराव की सच्चाई अब नजरअंदाज नहीं की जा सकती, खासकर वेतनभोगी और सफेदपोश वर्ग के लिए। 2016 से उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति औसतन छह के आसपास रही है, लेकिन इसी अवधि में सफेदपोश नौकरियों में वेतन वृद्धि महज 3-4 प्रतिशत तक सीमित रही। उन्होंने दावा किया कि महंगाई के मुकाबले वेतन में बहुत कम बढ़ोतरी हुई, जिसका नतीजा यह हुआ कि लोगों की जेब में पैसा बचा ही नहीं। कांग्रेस नेता ने कहा, निवेश बैंकर कनिष्क कर के अनुसार, वास्तविक क्रय शक्ति खत्म हो रही है, जैसे हॉस्टल की रसोई में मैगी का पैकेट। घटती क्रय शक्ति भारत में उपभोग से जुड़ी बहुचर्चित कहानी के अंत का मूल कारण है और निजी निवेश में मंदी की जड़ है। रमेश ने दावा किया मोदी सरकार इस संकट को स्वीकार करने से इनकार करती है, क्योंकि इसके लिए उसे पिछले 11 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था को हुए संरचनात्मक नुकसान को स्वीकार करना होगा।

# महाराष्ट्र: ब्लॉकबस्टर फिल्म 'छावा' के अनाधिकृत प्रसार के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**मुंबइ/भाषा।** मुंबई पुलिस ने डिजिटल माध्यम से लिंक बनाकर हिंदी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'छावा' के अनधिकृत प्रसार के मामले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने नासिक के दत्ता कॉलोनी निवासी विवेक धूमल को गिरफ्तार किया है।

इससे पहले, पुलिस ने पुणे के दौंड निवासी सागर रंधवन (26) को डिजिटल मंच पर बिना अनुमति के फिल्म प्रसारित करने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

फिल्म 'छावा' में अभिनेता विक्की कौशल ने मराठा राजा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाई है।

पुलिस के अनुसार, धूमल ने फिल्म अपलोड करने के लिए होस्टिंगर से एक डोमेन कथित तौर पर खरीदा था और उसने इस मंच पर कई अन्य नई रिलीज हुई फिल्में भी साझा की हुई थीं।



# मध्यप्रदेश सरकार दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए आंबेडकर जयंती पर नई योजना शुरू करेगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंदौर/भाषा।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. बी आर आंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनके नाम से नई योजना शुरू करेगी।

यादव ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, ''राष्ट्रीय दूध उत्पादन में मध्यप्रदेश की भागीदारी करीब नौ प्रतिशत है। हमारी सरकार ने गोवंश के संरक्षण के जरिये इस भागीदारी को बढ़ाकर 20 प्रतिशत पर पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए हम 14 अप्रैल को डॉ. बी आर आंबेडकर जयंती के मौके पर उनके नाम से नई योजना शुरू करेंगे।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से राज्य में दूध उत्पादन में इजाफा होगा और किसानों की आय बढ़ेगी।

देश में उत्तर प्रदेश और राजस्थान के बाद दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश का तीसरा स्थान है। यादव ने कहा, ''हम दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश को देश का नम्बर एक राज्य बनाएंगे।''

उन्होंने बताया कि प्रदेश के बड़े शहरों में 10,000 से ज्यादा गायों की क्षमता वाली गोशालाओं का निर्माण किया जा रहा है ताकि खासकर बीमार और बेसहारा गायों को बचाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने आंबेडकर की जन्मस्थली महू के पास आशापुरा गांव में इंदौर नगर निगम की ''कामधेनु गोशाला'' की नींव रखी जहां 25 हेक्टेयर क्षेत्र में 10,000 से ज्यादा गायों को रखने की व्यवस्था की जाएगी।

उन्होंने हनुमान जयंती पर इंदौर के पितृ पर्वत पर पूजा-अर्चना भी की जहां भगवान हनुमान की विशाल मूर्ति स्थित है।

# पद्मश्री से सम्मानित तेलंगाना के 'वनजीवी' रामैया का निधन



**हैदराबाद/भाषा।** पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित 'वनजीवी' रामैया का शनिवार को तेलंगाना के खम्मम जिले में निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। रामैया के परिवार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि रेड्डीपल्ली गांव में अपने पैतृक घर में उन्हें दिल का दौरा पड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और कई अन्य नेताओं ने रामैया के निधन पर शोक व्यक्त किया है। औपचारिक शिक्षा हासिल नहीं कर पाने के बावजूद पेशे से कुम्हार रामैया को पौधरोपण के उनके अथक मिशन को लेकर 'वृक्ष पुरुष' के रूप में जाना जाता था।

हरियाली में विस्तार के प्रति उनका समर्पण इतना अधिक था कि जब भी वह घर से बाहर निकलते थे तो अपने गले में एक बोर्ड लटका कर रखते थे, जिस पर लिखा होता था 'वृक्षो रक्षति रक्षितः' (वृक्षों को बचाओ, तो वृक्ष तुम्हें बचाएंगे)। केवल रामैया ही नहीं, बल्कि उनकी पत्नी जनम्मा ने भी उनके (अपने पति के) जीवन मिशन का अनुसरण किया।

अपनी गरीबी की परवाह किए बिना, रामैया ने पांच दशकों से अधिक समय तक इस मिशन को चलाया और अनुमान है कि उन्होंने अपने जीवनकाल में एक करोड़ से अधिक पौधे लगाए।

दरिपल्ली रामैया को खम्मम जिले में हरित योद्धा, 'चेट्टू (वृक्ष) रामैया' या 'वनजीवी' नाम से भी जाना जाता था। पर्यावरण के प्रति उनके इस योगदान के लिए उन्हें 2017 में पद्म श्री पुरस्कार दिया गया था।

# दिल्ली हवाई अड्डे पर 350 से अधिक उड़ानों में देरी हुई

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली हवाई अड्डे पर हवाई यातायात की भीड़ के कारण शनिवार को 350 से अधिक उड़ानों की आवाजाही में देरी हुई। सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने हवाई अड्डे पर प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों की तस्वीरें और वीडियो साझा किए। प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण शुक्रवार शाम को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर परिचालन बाधित हो गया और इसके प्रभाव से शनिवार को भी उड़ानों की आवाजाही प्रभावित हुई। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड' (डायल) ने 'एक्स' पर दोपहर दो बजकर सात मिनट पर एक पोस्ट में कहा दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन में सुधार हो रहा है; हालांकि, कल रात की मौसम की स्थिति के कारण कुछ उड़ानें अभी भी प्रभावित हैं।

पोस्ट में कहा गया, ''हमारी विभिन्न टीम और सभी हितधारक यात्रियों की किसी भी असुविधा को कम करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।'' उड़ानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'फ्लाइटरडार24डॉट कॉम' पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 350 से अधिक उड़ानों की आवाजाही में देरी हुई है और उड़ान प्रस्थान में औसत देरी 40 मिनट से अधिक थी। विमानन कंपनी इंडिगो ने 'एक्स' पर दोपहर एक बजकर 32 मिनट पर एक पोस्ट में कहा, ''दिल्ली में हवाई यातायात की भीड़ के कारण उड़ानों को उड़ान भरने और उतरने की मंजूरी के लिए रोका जा रहा है। इस वजह से पूरे नेटवर्क में कुछ उड़ानें भी प्रभावित हुई हैं।'' हवाई अड्डे पर अभी केवल तीन रनवे चालू हैं क्योंकि एक रनवे रखरखाव कार्यों के लिए बंद है।

# ठाणे जिले में दुर्व्यवहार की शिकायत के बाद अवैध छात्रावास से 29 बच्चे मुक्त कराए गए

**ठाणे/भाषा।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक संगठन द्वारा संचालित अनधिकृत छात्रावास में दुर्व्यवहार की शिकायत के बाद कम से कम 29 बच्चों को मुक्त कराया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिला प्रशासन की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुलिस ने शुक्रवार को खडावली में एक आवासीय संस्थान, 'पसायदान विकास संस्था' से 20 लड़कियों और नौ लड़कों को मुक्त कराया और किशोर न्याय अधिनियम 2015 तथा यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। 'चाइल्ड हेल्पलाइन' को शिकायत मिली थी कि संस्था में बच्चों से मारपीट की जा रही है और उनका यौन शोषण किया जा रहा है।

# कपड़ा उद्योग में भी बहुजन का प्रतिनिधित्व नहीं, काबिल युवा 'अन्याय के चक्रव्यूह में फंसे अभिमन्यु' हैं: राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया कि अन्य उद्योगों की तरह ही कपड़ा और फैशन क्षेत्र में भी बहुजनों के पास न तो प्रतिनिधित्व है और न इसकी शिक्षा तक पहुंच है तथा काबिल होते हुए भी युवा अन्याय के चक्रव्यूह में फंसे अभिमन्यु हैं।

उन्होंने गत पांच अप्रैल को यहां एक कपड़ा डिजाइन फैक्ट्री के दौरा किया था जिसका वीडियो शनिवार को 'एक्स' पर साझा किया। कांग्रेस नेता ने इस फैक्ट्री से जुड़े एक व्यक्ति के साथ बातचीत का हवाला देते हुए पोस्ट किया।

राहुल गांधी ने कहा, 'मैं आज तक कपड़ा डिजाइन के उद्योग में शीर्ष पर किसी ओबीसी से नहीं मिला', यह विक्की ने बताया। एक युवा जिसने अपने हुनर के दम पर इस क्षेत्र में अपना व्यापार बनाया है। उनकी फैक्ट्री के कारीगर 12-12 घंटे तपस्या करते हैं, सुई धागे से जादू बुनते हैं - मगर हाल वही, हुनर की कदर नहीं! उन्होंने दावा किया, बाकी उद्योगों की तरह ही कपड़ा और फैशन क्षेत्र में भी बहुजनों के पास न तो प्रतिनिधित्व है, न इसकी शिक्षा तक पहुंच, और न ही नेटवर्क में जगह।

# महाराष्ट्र सरकार नौकरी के आकांक्षियों की मांगों के प्रति संवेदनशील हो : शरद पवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पुणे/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यार्थियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की आलोचना की तथा राज्य सरकार से उनके मुद्दों के प्रति संवेदनशील होने की अपील की।

पुणे में विरोध प्रदर्शन करने के एक दिन बाद, अभ्यर्थियों ने शनिवार को पवार से मुलाकात की और शैक्षणिक चुनौतियों एवं हाल के प्रशासनिक निर्णयों के बारे में अपनी शिकायतें साझा की। बैठक के दौरान अभ्यर्थियों ने अपनी तैयारी को प्रभावित करने वाले कई मुद्दों पर प्रकाश डाला तथा सरकार से छात्र-हितैषी दृष्टिकोण अपनाने की मांग की।

एक अभ्यार्थी ने दावा किया कि पवार ने उन्हें आश्वासन दिया है कि उनकी चिंताओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

पवार ने अभ्यार्थियों से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पोस्ट में प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई की आलोचना की और इसे ''महाराष्ट्र जैसे राज्य के लिए अनुचित'' करार दिया। उन्होंने कहा, ''यह नेतृत्व की जिम्मेदारी है कि वह समाज की सेवा करने के उद्देश्य से प्रशासन में शामिल होने के इच्छुक छात्रों की समस्याओं को समझे। राज्य को उनके लिए एक सहायक वातावरण बनाना चाहिए।''

वरिष्ठ नेता ने महाराष्ट्र सरकार से संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने और एमपीएससी अभ्यर्थियों के हित में व्यवस्था सुनिश्चित करने का आह्वान किया। एमपीएससी अभ्यर्थियों ने परीक्षा परिणामों में अनियमितताओं और पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाते हुए धरना दिया था और अन्य मांगें भी उठाई थीं, जिसके चलते पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया था।

# अहमदाबाद अधिवेशन का प्रस्ताव भारत के लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष का उदघोष है : कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने शनिवार को अपने कार्यकर्ताओं से अहमदाबाद संकल्प को देश के हर घर तक ले जाने का आह्वान किया और कहा कि यह भारत के ''लोकतंत्र, गरिमा और विविधता'' की रक्षा के लिए संघर्ष का उदघोष है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सभी प्रदेश और जिला कांग्रेस अध्यक्षों एवं सभी पदाधिकारियों व पार्टी के अग्रिम संगठनों के प्रमुखों को लिखे पत्र में (अधिवेशन के) प्रस्ताव में पारित मुद्दों के प्रसार के लिए एक कार्य योजना तैयार करने के लिए कहा। पार्टी के अहमदाबाद अधिवेशन में नौ अप्रैल को प्रस्ताव - 'न्याय पथ' पारित किया गया था।

वेणुगोपाल ने पत्र में कहा, अहमदाबाद प्रस्ताव सिर्फ एक नीतिगत वक्तव्य नहीं है। यह भारत के लोकतंत्र, गरिमा और विविधता की रक्षा के लिए संघर्ष का उदघोष है। आइए हम इस अवसर पर आगे आएं और सुनिश्चित करें कि इसका संदेश हमारे देश की हर सड़क, कस्बे और गांव में गूंजे। उन्होंने कहा कि मंगलवार को हुई कांग्रेस की विस्तारित कार्य समिति की बैठक और उसके अगले दिन अहमदाबाद में एआईसीसी अधिवेशन पार्टी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण है।

वेणुगोपाल ने कहा, इसमें पारित अहमदाबाद प्रस्ताव कांग्रेस पार्टी की वैचारिक दिशा, नीतिगत दिशा और संविधान, लोकतंत्र व समावेशी विकास के मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की एक दूरदर्शी अभिव्यक्ति है।

# हिमाचल प्रदेश : कुल्लू में एनएच-305 पर पुल ढहने से यातायात बाधित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**शिमला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश में मंडी को कुल्लू जिले से जोड़ने वाला एक पुल शनिवार तड़के ढह जाने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग-305 पर यातायात बाधित हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक यह घटना कुल्लू जिले के बंजार में उस समय घटी जब एक पुल अचानक ढह गया। इस पुल का निर्माण वर्ष 1980 में हुआ था। उन्होंने बताया कि हादसे के समय पुल से गुजर रहा एक ट्रक नदी में गिर गया, जिससे चालक को मामूली चोटें आईं। हादसे की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद घायल चालक को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। कुल्लू की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) तोरुल एस रवनीश ने कहा कि घटनास्थल पर मशीनरी तैनात कर दी गई है और पुनर्निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक मार्गों की पहचान करने तथा हल्के वाहनों की आवाजाही शीघ्र बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। रवनीश ने बताया कि शनिवार सुबह जनता के लिए अस्थायी मार्ग उपलब्ध करा दिया था, तथा यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए यातायात को पंडोह के रास्ते मोड़ दिया गया था।

# राज्य का दर्जा देना भाजपा का वादा है, उमर को इसे मांगने की जरूरत नहीं : सुनील शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जम्मू-कश्मीर इकाई ने शनिवार को कहा कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को केंद्र शासित प्रदेश का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग करने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि यह उनकी पार्टी का वादा है और उचित समय पर इसे बहाल कर दिया जाएगा। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा ने कहा, ''यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नेशनल कांफ्रेंस राज्य के दर्जे की मांग पर अड़ी हुई है। राज्य का दर्जा हमारा मुद्दा है, यह भाजपा का वादा है।'' उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि अब्दुल्ला को लोगों से किए गए वादों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

शर्मा ने कहा कि विधानसभा के अंदर धार्मिक और भड़काऊ नारे लगाने से राज्य का दर्जा बहाल करने की प्रक्रिया में तेजी नहीं आएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि



नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता विधानसभा में धार्मिक भावनाएं भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा, ''विधानसभा जामिया मस्जिद नहीं है। जो नारे जामिया मस्जिद में लगाए जाने चाहिए थे, वे विधानसभा में लगाए गए। विधानसभा बहस और कानून बनाने का स्थान है।''

शर्मा ने कहा, ''क्या वे विधानसभा को जेहाद का अड्डा बनाना चाहते हैं? क्या वे विधायी जेहाद भड़काना चाहते हैं? ऐसी गतिविधियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।'' उन्होंने आगे कहा, ''जम्मू-कश्मीर का कोई भी नागरिक, जिसमें मुसलमान भी शामिल हैं, ऐसा राज्य स्वीकार नहीं करेगा, जिसमें विधानसभा में ऐसे नारे लगाए जाएं।'' शर्मा ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी लोगों के मुद्दों पर चर्चा से भागने के लिए विधानसभा के अंदर ''नाटक कर रही'' है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ''विधानसभा के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि सरकार ने ही सदन नहीं चलने दिया। सरकार उनकी थी, अध्यक्ष उनके थे, लेकिन उन्होंने वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करते हुए नाटक किया और सदन को तीन दिन तक नहीं चलने दिया, क्योंकि वे नहीं चाहते थे कि लोगों के मुद्दों पर चर्चा हो।''

# राज्यपाल के कार्यालय को संसदीय लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुसार काम करना चाहिए : उच्चतम न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई/नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि वह राज्यपालों के कार्यों के लिए अनुच्छेद 200 के तहत समयसीमा तय करके उनके कार्यालय को कमजोर नहीं कर रहा लेकिन उन्हें (राज्यपालों को) संसदीय लोकतंत्र की स्थापित परंपराओं का उचित सम्मान करते हुए कार्य करना चाहिए।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि द्वारा कोई कार्रवाई किए बिना रोके रखने के कृत्य की आलोचना करते हुए कहा कि राज्यपाल को संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत एक से तीन महीने की अवधि में समयबद्ध तरीके से कार्य करना होता है।

अनुच्छेद 200 राज्यपाल को अपने समक्ष प्रस्तुत विधेयकों पर स्वीकृति देने, स्वीकृति रोकने या उन्हें राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखने का अधिकार देता है। पीठ ने कहा, हम राज्यपाल के पद को किसी भी तरह से कमजोर नहीं कर रहे। हम बस इतना ही कहना चाहते हैं कि राज्यपाल को संसदीय



लोकतंत्र की स्थापित परंपराओं के प्रति उचित सम्मान दिखाते हुए काम करना चाहिए, विधान पालिका के माध्यम से व्यक्त की जाने वाली लोगों की इच्छा और लोगों के प्रति उत्तरदायी निर्वाचित सरकार का सम्मान करना चाहिए।

अदालत ने कहा, ''उन्हें मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक की अपनी भूमिका निष्पक्षता के साथ निभानी चाहिए। उनकी भूमिका राजनीतिक लाभ से नहीं बल्कि उनके द्वारा ली गई संवैधानिक शपथ की पवित्रता से निर्देशित होनी चाहिए।'' पीठ ने यह फैसला आठ अप्रैल को सुनाया था लेकिन इसे शुक्रवार रात को वेबसाइट अपलोड किया गया।

उसने 415 पृष्ठों के अपने फैसले में कहा कि टकराव के समय राज्यपाल को आम सहमति बनाने और समाधान तलाशने की दिशा में अगुआ की भूमिका निभानी चाहिए। उन्हें राज्य मशीनरी के कामकाज को अपनी बुद्धिमत्ता और विवेक से सुचारू बनाना चाहिए तथा उसे ठप नहीं होने देना चाहिए। उन्हें चीजों को आगे बढ़ाने वाला होना चाहिए, अवरोधक नहीं। उनके सभी कार्य उस उच्च संवैधानिक पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए किए जाने चाहिए, जिस पर वे आसीन हैं।

पीठ की ओर से फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि राज्यपाल पदभार ग्रहण करने से पहले संविधान और कानून के शासन की रक्षा, संरक्षण और बचाव के लिए अपने कर्तव्यों का अपनी क्षमता के अनुसार निर्वहन करने की शपथ लेते हैं। उसने कहा कि वे राज्य के लोगों की सेवा और कल्याण के लिए खुद को समर्पित करने की शपथ लेते हैं।

# विफल ही होगा अन्नाद्रमुक और भाजपा का गठबंधन : स्टालिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शनिवार को कहा कि अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच गठबंधन की वजह सत्ता की भूख'' है तथा यह गठबंधन राज्य के अधिकारों की सुरक्षा जैसे आदर्शों के खिलाफ है एवं यह असफल ही होगा। राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी अन्नाद्रमुक और केंद्र में सत्तासीन राष्ट्रीय पार्टी भाजपा के बीच गठबंधन की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्ति करते हुए स्टालिन ने कहा कि अन्नाद्रमुक नीट (मेडिकल प्रवेश परीक्षा), हिंदी थोपने, तीन भाषा नीति और वक्फ अधिनियम का विरोध करने का दावा करती है और यह भी कहती है कि परिसीमन के दौरान तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व कम नहीं होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने पूछा, ''क्या ये सभी बातें न्यूनतम साझा कार्यक्रम का हिस्सा हैं?'' उन्होंने कहा कि लेकिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इनमें से किसी के बारे में बात नहीं की तथा अन्नाद्रमुक नेतृत्व को कुछ बोलने तक नहीं दिया, उन्होंने प्रेसवार्ता का इस्तेमाल केवल उनकी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक), द्रमुक सरकार और उनकी आलोचना करने के लिए किया।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''अन्नाद्रमुक-भाजपा गठबंधन विफल होने के लिए अभिशप्त है। यह तमिलनाडु की जनता ही थी जिसने इस गठबंधन को बार-बार हराया। अब, शाह ने उसी विफल गठबंधन का फिर से गठन किया है।'' स्टालिन ने कहा कि शाह यह बताने में विफल रहे कि गठबंधन किस वैचारिक आधार पर बना था, इसके बजाय, उन्होंने केवल यह आश्वासन दिया कि एक साझा न्यूनतम कार्यक्रम तैयार किया जाएगा।

उन्होंने कहा: द्रविड़ मुनेत्र कड़गम एक आंदोलन है जो राज्य के अधिकारों, भाषाई अधिकारों और तमिल संस्कृति की रक्षा के लिए खड़ा है। इसके विपरीत, भाजपा-अन्नाद्रमुक गठबंधन सत्ता की भूख के साथ बना है और इन सभी आदर्शों के खिलाफ खड़ा है। लोग यह नहीं भूले हैं कि एडप्पादी पलानीस्वामी ने सत्ता की अपनी प्यास में तमिलनाडु की गरिमा और अधिकारों को दिल्ली के पास गिरवी रख दिया एवं राज्य को बर्बाद कर दिया।''

द्रमुक अध्यक्ष ने कहा कि जब शाह ने अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन की पुष्टि करते हुए भ्रष्टाचार के बारे में बात की थी, तो तमिलनाडु के लोग निश्चित रूप से हंसे होंगे। स्टालिन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री (अन्नाद्रमुक नेता) जे जयललिता को भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते दो बार अपना पद छोड़ना पड़ा तथा उन्हें बेंगलूरु की एक विशेष अदालत ने आय के ज्ञात स्रोत से अधिक की संपत्ति के मामले में चार साल की कैद की सजा सुनायी, यदि भाजपा उनकी (जयललिता की) पार्टी से गठजोड़ करती है तो क्या वह भरोसे से भ्रष्टाचार के बारे में बोल सकती है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई ने चार साल बाद पद छोड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता हमेशा से ही राज्य में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के मुखर आलोचक रहे हैं और 2021 में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभार संभालने वाले भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी के अन्नामलाई भी इसके अपवाद नहीं हैं। उन्होंने अपने चार साल के कार्यकाल के दौरान द्रमुक को लगातार निशाना बनाया।

चार साल तक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के बाद, अन्नामलाई शुक्रवार को राज्य के उन दस नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने प्रदेश में पार्टी नेतृत्व के लिए मौजूदा उपाध्यक्ष नयनार नागेंद्रन का नाम प्रस्तावित किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि



पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर अन्नामलाई के लिए एक बड़ी भूमिका की परिकल्पना करती है। पुलिस अधिकारी से राजनीति में आए 40 वर्षीय अन्नामलाई को राज्य में अपनी 'एन मन एन मक्कल' (मेरी जमीन, मेरे लोग) यात्रा के लिए जाना जाता है। पार्टी की परंपरा के अनुसार, उनके पूर्ववर्ती और मौजूदा केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन ने 'वेल यात्रा' निकाली थी और अतीत में पूर्व केंद्रीय मंत्री पोन राधाकृष्णन ने पूरे राज्य में थामराई यात्रा' निकाली थी।

अन्नामलाई ने 2021 के विधानसभा चुनाव में करूर जिले के अरवाकुरिची निर्वाचन क्षेत्र से चुनावी राजनीति की और लेकिन असफल रहे। उन्होंने 2024 का लोकसभा चुनाव भी लड़ा लेकिन जीत नहीं मिली। अन्नामलाई द्वारा द्रमुक पर किये गए कटाक्षों का उनकी पार्टी के सदस्यों और यहां तक कि अन्नाद्रमुक ने भी समर्थन किया। लेकिन, जब उन्होंने अन्नाद्रमुक नेताओं पर निशाना साधना शुरू किया तो अन्नाद्रमुक ने अपने गठबंधन पर पुनर्विचार शुरू कर दिया। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले दोनों दलों के संबंध तब खराब हो गए जब अन्नाद्रमुक ने भाजपा से अलग होने की घोषणा की। लोकसभा चुनाव-2024 के प्रचार अभियान ने एक दिलचस्प मोड़ तब लिया जब अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी ने अन्नामलाई को 'प्रचार का भूखा' कहा। अन्नामलाई ने पलटवार करते हुए पलानीस्वामी को भाजपा के साथ चुनावी संबंध तोड़ने के लिए ''खट्टे अंगूर'' वाली कहानी सुनाई। ऐसा प्रतीत हुआ कि भाजपा और अन्नाद्रमुक की इस जुबानी जंग का लाभ राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक को हुआ।

# नयनार नागेंद्रन को विधिवत भाजपा की तमिलनाडु इकाई का अध्यक्ष चुना गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक नयनार नागेंद्रन को शनिवार को पार्टी की राज्य इकाई का अध्यक्ष चुना गया। पार्टी की राज्य इकाई के निवर्तमान प्रमुख के. अन्नामलाई ने घोषणा की कि भाजपा का लक्ष्य सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) को सत्ता के गलियारों से बाहर करना है और नागेंद्रन के नेतृत्व में अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के साथ गठबंधन का रास्ता साफ है।



भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग ने यहां पार्टी की एक बैठक में नागेंद्रन को तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के रूप में विधिवत निर्वाचित घोषित किया। अन्नामलाई ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी का लक्ष्य 2026 के विधानसभा चुनाव में बुरी शक्ति यानी ''द्रमुक'' को सत्ता से बाहर करना है।

उन्होंने पार्टी के अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन करने और नागेंद्रन के राज्य इकाई के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने का जिक्र करते हुए कहा कि रास्ता बिल्कुल साफ है। उन्होंने बताया कि नागेंद्रन का चयन सर्वसम्मति से किया गया।

# भाजपा-अन्नाद्रमुक गठबंधन तमिलनाडु में 'भ्रष्ट' द्रमुक को सत्ता से उखाड़ फेंकेगा : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/चेन्नई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने के फैसले की सराहना की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि 'भ्रष्ट और विभाजनकारी'



द्रमुक की सरकार को जल्द से जल्द उखाड़ फेंका जाए। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, खुशी है कि अन्नाद्रमुक राजग परिवार में शामिल हो गई है। अपने अन्य राजग सहयोगियों के साथ मिलकर हम तमिलनाडु को प्रगति की नयी ऊंचाइयों पर ले जाएंगे और राज्य की पूरी लगन से सेवा करेंगे। हम ऐसी सरकार सुनिश्चित करेंगे जो महान एमजीआर और जयललिता जी के सपनों को पूरा करे। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की प्रगति और तमिल संस्कृति की विशिष्टता को बनाए रखने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि ''भ्रष्ट और विभाजनकारी'' द्रमुक की सरकार को जल्द से जल्द उखाड़ फेंका जाए, जो हमारा गठबंधन सुनिश्चित करेगा।

# इंडियन ओवरसीज बैंक ने कर्ज पर ब्याज दर 0.25 प्रतिशत घटाई

**चेन्नई।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) ने रेपो दर से संबद्ध ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। बैंक ने शनिवार को यह जानकारी दी। हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की हालिया बैठक में नीतिगत दर रेपो को 6.25 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत करने का निर्णय लिया। बैंक द्वारा ब्याज दरों में कटौती का निर्णय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पिछले सप्ताह भारतीय वस्तुओं के आयात पर 26 प्रतिशत शुल्क की घोषणा के बाद बढ़ती अनिश्चितताओं के बीच आया है। परिसंपत्ति देयता प्रबंधन समिति ने 11 अप्रैल को आयोजित अपनी बैठक में ग्राहकों को दर में कटौती का लाभ देने का निर्णय लिया है। बैंक ने रेपो से संबद्ध कर्ज पर ब्याज दर (आरइपी) को 0.25 प्रतिशत की कटौती के साथ 9.10 प्रतिशत से घटाकर 8.85 प्रतिशत कर दिया है। यह कटौती 12 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगी।

# पलक्कड़ में ट्रेन की चपेट में आने से 13 गायों की मौत

पलक्कड़/भाषा। केरल के पलक्कड़ जिले के मीनकारा बांध के पास रेल की पटरियां पार करते समय शनिवार को 13 गायों का झुंड एक ट्रेन की चपेट में आ गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गायों की मौके पर ही मौत हो गई और उनके शव रेल की पटरियों पर तथा आसपास के इलाकों में बिखरे पड़े मिले। यह त्रासदी उस समय घटित हुई जब स्थानीय लोगों की गायें क्षेत्र में चर रही थीं। पुलिस ने बताया कि चेन्नई से पलक्कड़ जा रही ट्रेन ने उन्हें कुचल दिया और बाद में शवों को रेल की पटरियों और आस-पास के इलाकों से हटा दिया गया।

# विहिप ने तमिलनाडु के मंत्री पोनमुडी को मंत्रिमंडल से हटाने की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) उत्तर तमिलनाडु ने 'शैव और वैष्णव प्रतीकों' पर अपमानजनक टिप्पणी के लिए शनिवार को तमिलनाडु के मंत्री के पोनमुडी को स्टालिन के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल से तत्काल हटाने की मांग की और कहा कि संगठन इस मांग के समर्थन में 15 अप्रैल को राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगा।

पोनमुडी की ''अपमानजनक'' टिप्पणी की निंदा करते हुए विहिप उत्तर तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष अंडाल पी चोकलिंगम ने कहा कि छह अप्रैल को द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के एक कार्यक्रम में मंत्री ने हिंदू प्रतीकों को नीचा दिखाने के लिए घटिया और अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया, जिसे कोई भी नागरिक संगठन बर्दाश्त नहीं कर सकता।

चोकलिंगम ने कहा, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को इसे गंभीरता से लेना चाहिए और अगर वह धर्मनिरपेक्षता के अपने सिद्धांतों पर कायम हैं, तो उन्हें पोनमुडी को तुरंत मंत्री पद से हटा देना चाहिए।

चोकलिंगम ने यहां एक बयान में कहा कि पोनमुडी को मंत्री पद पर बने रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए और उन्हें द्रमुक के उप महासचिव पद से ''हटाना केवल दिखावा'' है। उन्होंने कहा कि विहिप के सत्तारूढ़ द्रमुक के साथ वैचारिक मतभेद हैं, फिर भी वह चाहती है कि मुख्यमंत्री और उनका कार्यालय किसी भी प्रकार के अनादर से परहेज करे। उन्होंने कहा कि पोनमुडी की टिप्पणी मुख्यमंत्री कार्यालय और उनके परिवार के सम्मान पर सीधा व्यक्तिगत हमला है।

चोकलिंगम ने दावा किया, विहिप उत्तर तमिलनाडु इस मुद्दे को पूरे देश में ले जाएगी और द्रमुक की छद्म धर्मनिरपेक्षता को उजागर करेगी तथा बताएगी कि कैसे इस द्रमुक सरकार का बने रहना हिंदुओं का अपमान है।''

# अंबुमणि को फिर से अध्यक्ष बनाने की मांग के बीच अपने फैसले पर अडिग रामदास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के संस्थापक और अध्यक्ष एस. रामदास पार्टी का पूरा नियंत्रण अपने हाथ में लेने के फैसले पर अडिग नजर आ रहे हैं, जबकि एक वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के एक वर्ग ने उनके बेटे अंबुमणि रामदास को पार्टी प्रमुख के रूप में बहाल करने की मांग की है। एस. रामदास के फैसले को आकस्मिक और अप्रत्याशित बताते हुए पीएमके के नेता जी. के. मणि ने कहा कि पार्टी को एकजुट होकर अगला विधानसभा चुनाव लड़ने की तत्काल आवश्यकता है।



मणि ने कहा, मैं करीब 45 साल से अय्या (डॉ. एस रामदास) के साथ हूं। उनकी घोषणा आकस्मिक और अप्रत्याशित थी। मैं चाहता हूं कि अय्या और चिन्ना अय्या (अंबुमणि) दोनों आपसी मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लें और 2026 के विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ें। उल्लेखनीय है कि 10 अप्रैल को पीएमके के संस्थापक एस. रामदास ने पार्टी की पूरी बागडोर अपने हाथ में लेने की घोषणा की थी और पार्टी के अध्यक्ष अपने बेटे अंबुमणि को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया था। उन्होंने कहा कि 2026 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पार्टी में फेरबदल किया जाना चाहिए। पार्टी के एक वरिष्ठ सदस्य के अनुसार, पूर्व केंद्रीय मंत्री अंबुमणि ने घोषणा पर नाराजगी जताई है क्योंकि वह अध्यक्ष के रूप में पार्टी में बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद कर रहे थे। उन्होंने कहा, संस्थापक द्वारा पार्टी का नियंत्रण पूरी तरह अपने हाथ में लेने के बाद, अंबुमणि के पास स्वतंत्र भूमिका निभाने के लिए शायद कोई विकल्प न हो। साथ ही, उन्होंने दावा किया कि पार्टी के कुछ कार्यकर्ता और रामदास के परिवार के सदस्य चाहते हैं कि अंबुमणि को फिर से पार्टी अध्यक्ष बनाया जाए।

# हेडगेवार के नाम पर दिव्यांगों के कौशल विकास केंद्र का नामकरण करने को लेकर विवाद बढ़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पलक्कड़/भाषा। कांग्रेस की केरल इकाई ने विधायक राहुल ममकूटथिल को एक दिन पहले कथित तौर पर धमकी दिये जाने को लेकर शनिवार को भाजपा के पलक्कड़ जिला अध्यक्ष के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत सिवन ने यह कथित धमकी दिव्यांगों के एक कौशल विकास केंद्र का नाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक के बी हेडगेवार के नाम पर रखने को लेकर विवाद पैदा होने के बीच दी थी।

कांग्रेस, युवा कांग्रेस और डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया' (डीवाईएफआई) के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को भाजपा शासित पलक्कड़ नगरपालिका द्वारा आयोजित कौशल विकास केंद्र के शिलान्यास समारोह में व्यवधान डाला था। इस व्यवधान के बाद, उसी दिन सिवन ने कहा था कि पलक्कड़ के विधायक ममकूटथिल को जिले में पैर नहीं रखने दिया जाएगा।

कांग्रेस के एक सूत्र ने बताया कि इस टिप्पणी के खिलाफ पार्टी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। भाजपा नेता की टिप्पणी के बारे में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए ममकूटथिल ने शनिवार को कहा कि जब तक उनके पैर हैं, वह आरएसएस के खिलाफ बोलने के लिए मजबूती से खड़े रहेंगे।

उन्होंने कहा, अगर वे मेरे पैर काट देते हैं, तो मैं अपने बचे हुए शरीर का इस्तेमाल आरएसएस के खिलाफ बोलने के लिए करूंगा। मुझे बोलने से रोकने के लिए उन्हें मेरी जीभ काटनी पड़ेगी। तब भी मैं आरएसएस के खिलाफ काम करता रहूंगा। इसलिए, मैं ऐसी धमकियों से परेशान नहीं हूं।'' विधायक ने कहा, मैं एक जनप्रतिनिधि हूं जिसे जनता ने चुना है। इसलिए, मैं यह जानने के लिए उत्सुक हूं कि केरल पुलिस ऐसे लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई करेगी जो ये धमकियां दे रहे हैं।'' शुक्रवार को कांग्रेस, युवा कांग्रेस और डीवाईएफआई कार्यकर्ताओं ने शिलान्यास समारोह को रोकने की कोशिश की थी। उसके बाद भाजपा ने हेडगेवार के समर्थन में नारे लगाते हुए कांग्रेस के जिला कार्यालय तक मार्च निकाला था। कार्यक्रम में व्यवधान डालने वाले डीवाईएफआई, कांग्रेस और युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे इस परियोजना के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन आरएसएस संस्थापक के नाम पर इसका नाम रखे जाने का विरोध कर रहे हैं। पलक्कड़ नगरपालिका के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का कहना था कि नाम में क्या रखा है, परियोजना अधिक महत्वपूर्ण है।

बाद में, उसी दिन, ममकूटथिल ने हेडगेवार के नाम पर कौशल विकास केंद्र का नाम रखे जाने के खिलाफ पार्टी के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया और यह भी कहा था कि कांग्रेस आंदोलन कर इस पहल का विरोध करेगी। उन्होंने यह भी दावा किया था कि हेडगेवार के नाम पर परियोजना का नाम रखने के बारे में नगरपालिका में कोई प्रस्ताव नहीं लाया गया था। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ कानूनी उपाय भी किये जाएंगे।

# एसआईटी जांच में कर्नाटक सरकार के खिलाफ 60 प्रतिशत कमीशन का आरोप भी शामिल करें : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में पिछली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के खिलाफ 40 प्रतिशत कमीशन के आरोपों की जांच के लिए प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने के फैसले पर मुख्य विपक्षी दल के नेता बसवराज बोम्मई ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने शनिवार को कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों को भी एसआईटी के दायरे में लाये जाने की मांग की।

बोम्मई ने विभिन्न ठेकेदार संघों द्वारा लगाए गए आरोपों का हवाला देते हुए आग्रह किया कि एसआईटी को वर्तमान सरकार के खिलाफ लगाए गए 60 प्रतिशत कमीशन के आरोपों की भी जांच करनी चाहिए। बोम्मई की यह टिप्पणी न्यायमूर्ति नागमोहन दास आयोग की रिपोर्ट के आधार पर एसआईटी जांच की घोषणा के एक दिन बाद आई है।



राज्य में भाजपा के कार्यकाल के दौरान किए गए सरकारी कार्यों में 40 प्रतिशत कमीशन' के आरोपों की जांच के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित एक सदस्यीय जांच आयोग ने पिछले महीने मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या को 20,000 पन्नों की रिपोर्ट सौंपी थी। राज्य सरकार के फैसले के बारे में पूछे जाने पर बोम्मई ने यहां संवाददाताओं से कहा कि 40 प्रतिशत भ्रष्टाचार के आरोपों के बारे में 'झूठे प्रचार' की जांच के लिए पहले ही एक आयोग का गठन किया जा चुका है। उन्होंने आयोग की रिपोर्ट की विषय-वस्तु को सार्वजनिक किये जाने की मांग की। बोम्मई ने कहा, यह सरकार क्यों चीजों को छिपाने की कोशिश कर रही है?

# अन्नाद्रमुक की महिला शाखा 16 अप्रैल को मंत्री पोनमुडी के खिलाफ प्रदर्शन करेगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की महिला शाखा तमिलनाडु के वन मंत्री के. पोनमुडी द्वारा महिलाओं के बारे में की गई कथित अश्लील और अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ यहां 16 अप्रैल को प्रदर्शन करेगी। पार्टी महासचिव ई. के. पलानीस्वामी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पलानीस्वामी ने कहा कि महिलाओं, धर्म और विभिन्न धर्मों से जुड़े लोगों का लगातार अपमान किया जा रहा है और मंत्री ने बहुत ही निम्न स्तर की टिप्पणी की है। उन्होंने पोनमुडी द्वारा महिलाओं और शैव एवं वैष्णव प्रतीकों' पर की गई टिप्पणियों की कड़ी निंदा की।

अन्नाद्रमुक नेता ने यहां जारी एक बयान में कहा, इस तरह के 'अशोभनीय कृत्य' द्रमुक इतिहास का हिस्सा बन गए हैं, लेकिन तमिलनाडु के लोग इस तरह के ''घृणित और विकृत विचारों'' को कभी स्वीकार नहीं करेंगे।''

उन्होंने कहा, पोनमुडी पहले उच्च शिक्षा मंत्री थे। उनके अभद्र भाषण से जनता को बहुत दुख और सदमा पहुंचा है। पलानीस्वामी ने कहा कि अन्नाद्रमुक की महिला शाखा 16 अप्रैल को चेन्नई में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन करेगी, ताकि उन्हें यह बताया जा सके कि तमिलनाडु में ऐसी असभ्य राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है।

# हुब्बल्ली-धारवाड़ के बीच प्रायोगिक इलेक्ट्रिक रैपिड ट्रांजिट परियोजना के लिए समझौते पर हस्ताक्षर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। हुब्बल्ली और धारवाड़ के बीच इलेक्ट्रिक रैपिड ट्रांजिट (ई-आरटी) परियोजना के कार्यान्वयन के संबंध में मुख्यमंत्री सिद्धरामय्या की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास कावेरी में एक बैठक आयोजित की गई और इसके पक्ष-विपक्ष पर चर्चा की गई। श्रम मंत्री और धारवाड़ जिले के प्रभारी संतोष लाड ने बैठक में प्रस्तावित परियोजना की व्यवहार्यता और अवसरों के बारे में बताया। इस अवसर पर, इलेक्ट्रिक रैपिड ट्रांजिट परियोजना, इलेक्ट्रिक रैपिड ट्रांजिट (ई-आरटी) शुरू करने के लिए एचईएसएस एजी, एचईएसएस इंडिया और एसएसबी एजी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

मुख्यमंत्री ने परियोजना के क्रियान्वयन के संबंध में तीन माह के भीतर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के निर्देश दिए। यह पूर्णतः विद्युत चालित प्रणाली है जो शहर में एलिवेटेड सड़कों पर तथा अन्य स्थानों पर जमीन पर संचालित होगी। इसमें एक समय में 250 लोग रह सकते हैं। पिछले वर्ष एक व्यवहार्यता अध्ययन आयोजित किया गया था। कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि मेट्रो शैली की यह परिवहन प्रणाली कई यूरोपीय देशों में सफलतापूर्वक क्रियान्वित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि यह परियोजना हुब्बल्ली और धारवाड़ में सफल रही तो इसे राज्य के अन्य द्वितीय श्रेणी के शहरों में भी विस्तारित किया जा सकता है। इस बैठक में परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी, समाज कल्याण मंत्री डॉ. एच. सी. महादेवप्पा, सरकार की मुख्य सचिव डॉ. शालिनी रजनीश, महाधिवक्ता शशिकिरण शेट्टी, एचईएसएस एजी की सुज़ैन वॉन सूरी, एसएसबी के निदेशक बुराक सेनासर व अन्य उपस्थित थे।




# पानी की दरों में वृद्धि का भार उठाएगी राज्य सरकार : कन्हैयालाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू जल विभाग के मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार हर व्यक्ति को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध है। उदयपुर में पानी की कोई कमी नहीं है और पेयजल प्रबंधन के लिए बजट भी पर्याप्त है। अधिकारी बेहतर प्रबंधन कर आमजन को पानी उपलब्ध कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जलदाय मंत्री शनिवार को उदयपुर जिला परिषद सभागार में उदयपुर, राजसमंद और सलूम्बर जिलों में पेयजल योजनाओं तथा समर प्लान की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में गर्मी तेज होने के साथ ही सतही जल स्रोतों में पानी की कमी होगी तथा भूजल स्तर भी नीचे जायेगा। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए समर प्लान बनाकर कंटीजेंसी में बजट उपलब्ध करा दिया गया है। अधिकारी व्यवस्थाएं दुरस्त रखते हुए पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने हैंडपंप और नलकूप के स्वीकृत कार्य अविलम्ब पूरे कराने के लिए पाबंद किया। साथ ही, विभागीय योजनाओं, बजट घोषणाओं आदि की भी बिन्दूवार जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंत्री चौधरी ने उदयपुर, राजसमंद और सलूम्बर जिलों के अधिकारियों से जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति जानी। उन्होंने धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द काम पूर्ण कराने के निर्देश दिए। चर्चा के दौरान अवैध कनेक्शन का जिक्र आने पर मंत्री ने ऐसे सभी कनेक्शन कटवाने तथा संबंधितों के खिलाफ ठोस कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने जल जीवन मिशन में जिन ठेकेदारों की ओर से अपेक्षित काम नहीं किए जा रहे उनके खिलाफ भी सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने मिशन के तहत पूर्ण हुए कार्यों को ग्राम स्तरीय समितियां बनाकर हस्तांतरित किए जाने के संबंध में जल्द दिशा-निर्देश जारी किए जाने की बात कही।

बैठक में विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र की पेयजल समस्याओं, जल जीवन मिशन के कामों की जमीनी हकीकत और पेयजल परियोजनाओं की स्थिति आदि की विस्तृत जानकारी दी। जलदाय मंत्री ने एक-एक क्षेत्र के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब किया तथा न्यून प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पूर्ण गंभीरता से काम करने की हिदायत दी।

साथ ही, तकनीकी समस्याओं पर मुख्यालय स्तर पर त्वरित समाधान के लिए भी आश्वस्त किया। बैठक में विधायकों ने कुछ विभागीय अधिकारियों के व्यवहार को लेकर भी शिकायतें की। इस पर चौधरी ने नाराजगी प्रकट की। उन्होंने कहा कि काम के दौरान समस्याएं आती हैं। परेशानी होने पर लोगों की नाराजगी भी जायज है, लेकिन यदि अधिकारी उन्हें संतोषप्रद जवाब दें तो आधी समस्या खत्म हो जाती है। उन्होंने अधिकारियों को आमजन तथा जनप्रतिनिधियों के प्रति व्यवहार में सुधार लाने के नसीहत दी। साथ ही, शिकायत की पुनरावृत्ति पर कार्यवाही के लिए भी चेताया।

बैठक में उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, राजसमंद विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी, नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह, मावली विधायक पुष्कर डांगी, सलूम्बर विधायक श्रीमती शांता देवी, उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली, संभागीय आयुक्त सुप्रज्ञा केवलरमानी, उदयपुर जिला कलक्टर नमित मेहता, राजसमंद जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा सहित पीएचईडी के उदयपुर, राजसमंद व सलूम्बर के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की वर्षा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में बीते 24 घंटों के दौरान कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक वर्षा बहादुरपुर में 29.0 मिलीमीटर दर्ज की गई। मौसम विभाग के प्रवक्ता के अनुसार इस दौरान नागौर के खिंवसर में 20 मिमी, चित्तौड़गढ़ के भोपालसागर में 15 मिमी, डीग में 14 मिमी, अलवर में 12.4 मिमी, अलवर के मंडावर, किशनगढ बास में 11 मिमी, जोधपुर के लूणी और हनुमानगढ के भादरा में 10 मिमी, और अन्य कई स्थानों पर 8 मिमी से लेकर 4.5 मिमी तक बारिश दर्ज की गई।

मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को राज्य में सर्वाधिक तापमान कोटा में 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 3.7 डिग्री अधिक है। वहीं हनुमानगढ के संगरिया में रात का तापमान 15.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार को एक बार पुन: जयपुर, भरतपुर, अजमेर, कोटा संभाग के कुछ भागों में दोपहर बाद तेज मेघगर्जन, आंधी-बारिश तथा जोधपुर, बीकानेर संभाग में केवल छुटपुट स्थानों पर मेघगर्जन व हल्की बारिश की संभावना है।

उन्होंने बताया कि रविवार से आगामी चार से पांच दिन मौसम शुष्क रहने तथा तापमान में तीन से चार डिग्री बढ़ोतरी होने की संभावना है। जैसलमेर में 15 अप्रैल को अधिकतम तापमान 44-45 डिग्री के बीच होने का अनुमान है।

# कथावाचक प्रदीप मिश्रा की कथा के दौरान मौसम बिगड़ने के बाद मची अफरा तफरी में तीन लोग घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के चूरू जिले में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा के दौरान अचानक मौसम बिगड़ने के बाद पंडाल गिरने से मची अफरा तफरी में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन जिला प्रशासन की मंजूरी के बिना किया जा रहा था। घटना के बाद शुक्रवार को शुरू होने वाली कथा को रद्द कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि कथा के दौरान तेज हवाओं और धूल भरी आंधी के कारण पंडाल गिर गया जिससे अफरा-तफरी मच गई। कथा सुनने के लिए करीब 15,000 लोग मौजूद थे। इस घटना में एक पुरुष, एक बच्चे और एक महिला को मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि तीनों को तुरंत एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल ले जाया गया और सुरक्षा उपाय के तौर पर आयोजन स्थल को खाली करा दिया गया। पुलिस के क्षेत्र अधिकारी (रतनगढ़) अनिल कुमार ने बताया कि यह आयोजन बिना आधिकारिक अनुमति के किया जा रहा था।

जिलाधिकारी ने बुधवार को और जिला पुलिस अधीक्षक ने बृहस्पतिवार को आयोजन स्थल का दौरा किया था। उन्होंने आयोजकों को सभी सुरक्षा इंतजाम करने के निर्देश दिए थे लेकिन निर्देशों का पालन नहीं किया गया और कोई पुख्ता सुरक्षा उपाय नहीं किए गए।

# कर्नाटक में करोड़ों की धोखाधड़ी और भीनमाल के लूट मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जालौर। जालौर जिले की भीनमाल पुलिस ने कर्नाटक में एक करोड़ रुपये की सोने की धोखाधड़ी व भीनमाल में लूट की वारदात के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले चार साल से कर्नाटक के दो मामलों में वांछित था। वहीं, हाल ही में भीनमाल में एक महिला से गहने लूटने की वारदात में को अंजाम दिया, जिस पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की।

पुलिस के अनुसार, जालौर जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के निर्देशन में थानाधिकारी रामेश्वर भाटी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी तेजाराम उर्फ दिनेश पुत्र लाखाराम जाट निवासी चारणियों की ढाणी, पुनासा को दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। प्रकरण आठ अप्रैल का है, जब उम्मेद रेजीडेंसी में रहने वाली एक महिला घर पर अकेली थी। तभी आरोपी घर में घुसा और धारदार हथियार दिखाकर मारपीट की। महिला की ललाट पर वार कर गले व कान से सोने के गहने लूट लिए। विरोध करने पर वह भाग गया। लेकिन जेब से आधार कार्ड, एटीएम व चेक गिरा गया, जिससे उसकी पहचान हुई। पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद आरोपी से पूछताछ शुरू की, जिस पर पूछताछ में सामने आया कि आरोपी कर्नाटक के दो अलग-अलग मामलों में करीब एक करोड़ की सोना धोखाधड़ी में वांछित है। फिलहाल, आरोपी से पूछताछ जारी है और पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

जालौर की रानीवाड़ा पुलिस ने चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया गया थ्री व्हीलर टेम्पो बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने टेम्पो चोरी की वारदात करना कबूला। फिलहाल, पुलिस उससे अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार, रानीवाड़ा कस्बे में रहने वाले एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका थ्री व्हीलर टेम्पो ठग-46 झ--1215 जो मियाराम के नाम पंजीबद्ध है, घर के बाहर खड़ा था, जिसे रात के समय अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना स्थल का निरीक्षण कर पुलिस ने कस्बे से सिणधरी चौराहा तक रूट चार्ट के आधार पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले। एसपी ज्ञानचंद यादव के निर्देशन में थानाधिकारी दीप सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी सोहनपुरी उर्फ सुनीलपुरी निवासी बाड़मेर को दस्तयाब कर पूछताछ की, जिसमें आरोपी ने चोरी की वारदात करना स्वीकार किया।

# रणथम्भौर में टाइगर सफारी का लुत्फ उठा रहे हैं राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



भरतपुर। लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी राजस्थान में निजी यात्रा पर सवाई माधोपुर के रणथंभौर पहुंचे हैं, जहां वह टाइगर सफारी का जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को उन्होंने रणथंभौर के जोन नंबर दो और तीन में सफारी की, जहां उन्होंने बाघिन रिद्धि एवं उसके शावक और बाघिन ऐरोहेड एवं उसके शावकों के दीदार किए। टाइगर सफारी के दौरान गांधी ने लोगों के साथ फोटो खिंचवाये। इससे पहले गांधी गुरुवार को जोन नंबर दो में बाघिन को शिकार करते देखने के साथ जोन नंबर तीन के गूलर वन क्षेत्र में बाघिन सिद्धि उसके शावक को स्वछंद घूमते देखकर खासे उत्साहित दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने शिवराज एनीकट वन क्षेत्र में बाघिन और उसके शावकों द्वारा किये गये शिकार को भी देखा।

कांग्रेस नेता अहमदाबाद में आयोजित कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन से बुधवार को सीधे अहमदाबाद से विमान से जयपुर पहुंचे और फिर जयपुर से सड़क मार्ग से सवाई माधोपुर पहुंचे। वह यहां रणथंभौर के शेर बाग़ होटल में ठहरे हैं।



# जयपुर में 'खटखट गैंग' का भंडाफोड़ : गाड़ी से ऑयल गिरने का बहाना बनाकर करते थे लूट, दो बदमाश गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । पुलिस ने कार चालकों का ध्यान भटका कर लूट की वारदातों को अंजाम देने वाली एक संगठित गैंग का पर्दाफाश किया है। विश्वकर्मा थाना पुलिस ने इस गैंग के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने शहर में 6 से अधिक वारदातों को अंजाम देना कबूल किया है। पुलिस अब गैंग के अन्य तीन सदस्यों की तलाश में जुटी है और संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि हाल ही में जयपुर के वीकेआई, करधनी, विद्याधर नगर और शिप्रापथ थाना क्षेत्रों में इस गैंग ने एक ही तरीके से लूट की वारदातें कीं। बदमाश गाड़ियों के बोनट पर जानबूझकर ऑयल डाल देते थे और फिर कार चालक का ध्यान भटकाकर गाड़ी में रखे बैग, सूटकेस और अन्य कीमती सामान चुरा लेते थे। पुलिस ने वारदात के बाद अपराधियों को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम गठित की। टीम ने घटनास्थलों के आसपास 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और मुखबिरों की मदद से संदिग्धों की पहचान की। टैक्निकल डेटा के आधार पर दो संदिग्धों को डिटेन किया गया, जिन्होंने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि गैंग में कुल पांच सदस्य हैं। वे भीड़भाड़ वाले इलाकों में रेकी कर ऐसी कारों को चिन्हित करते हैं, जिनमें बैग या अन्य कीमती सामान रखा हो। गाड़ी के बोनट पर ऑयल डालने के बाद चालक का ध्यान भटकाया जाता है और इसी दौरान पीछे से साथी गाड़ी से सामान चुरा लेते हैं।

गैंग का दूसरा तरीका ये था कि वे पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को चुनते जिनकी सीट पर कीमती सामान रखा हो। इसके बाद वे गुलेल से कार का शीशा तोड़ते और अंदर रखा बैग या सामान लेकर फरार हो जाते थे। पुलिस ने बताया कि गैंग के बाकी तीन सदस्यों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपियों से पूछताछ में और भी वारदातों के खुलासे की उम्मीद की जा रही है।

# क्षेत्र के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है, आप तो विकास कार्यों के प्रस्ताव बनाकर भेजे : सुमित गोदारा

बीकानेर/दक्षिण भारत। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है।जनप्रतिनिधि व विभागीय अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर विकास कार्यों के प्रस्ताव भेजते रहें, जिससे क्षेत्र के लोगों के लिए अधिक से सार्वजनिक सुविधाएं मुहैया करवाई जा सके। गोदारा लूणकरणसर पंचायत समिति के प्रधान कानाराम गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित पंचायत समिति की साधारण सभा को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री गोदारा ने कहा कि आने वाले समय में पानी और बिजली आपूर्ति के मामले में आमजन को कोई तकलीफ नहीं रहे, ऐसी योजनाएं बनाकर भेजें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की भावना के अनुरूप बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए जुट जाएं। उन्होंने बजट घोषणाओं को लेकर अब तक क्रियान्वयन की प्रगति भी जानी। मंत्री गोदारा, जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए जा रहे मुद्दों को स्वयं नोट करते रहे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि पुराने व ढीले तारों को दुरुस्त करवाने, लोहे के जर्जर पोल को बदलवाने व वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने के लिए जनप्रतिनिधि प्रस्ताव बनाकर सम्बधित विभाग में दें व उन्हें भी अवगत करवाएं, जिससे समय पर समस्याओं का समाधान हो सके। मंत्री गोदारा ने चिकित्सा, शिक्षा, पानी व सडक के मुद्दे पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान लूणकरणसर विधानसभा क्षेत्र में बजट सत्र में नहरी कच्चे खालों को पक्का करने एवं पेयजल के लिए 185 करोड़ रुपए और लूणकरणसर नगरपालिका क्षेत्र में 40 करोड़ रुपए स्वीकृत करवाने के लिए स्थानीय लोगों ने मंत्री श्री गोदारा का आभार जताया।

इस दौरान गारबदेसर सरपंच कविता स्वामी ने प्रस्ताव रखा कि गारबदेसर गांव में विद्युत के पुराने पोल बदले जाएं और अंडरलाइन पोल लगाए जाएं। चकजोहड़ सरपंच श्री राजाराम झोरड़ ने जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन से वंचित ढाणियों को जोड़ने एवमं अर्जुनसर से फुलेजी तक पाईपलाईन में हो रहे लीकेज को दुरुस्त करने का प्रस्ताव रखा।

## आरती



राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने शनिवार को श्री हनुमान जयंती पर्व पर खोले के हनुमान मंदिर में श्री नरवर आश्रम सेवा समिति श्री खोले के हनुमानजी प्रन्यास द्वारा आयोजित श्री हनुमन्त जन्मोत्सव आरती समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। इससे पहले उन्होंने वहाँ पर श्री राम दरबार के भी दर्शन किए और सभी के सुख- समृद्धि और मंगल की कामना की।

## दर्शन



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर गोविन्दपुरी, स्वेज फार्म स्थित श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने सिद्धेश्वर हनुमानजी के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की सुख समृद्धि एवं आमजन के कल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में श्री राधा-कृष्ण विग्रह के दर्शन भी किए।

# बिरला पुलवामा शहीद हेमराज की बेटी की शादी में मायरा लेकर पहुंचे

कोटा/दक्षिण भारत । लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पुलवामा शहीद हेमराज मीणा की बेटी रीना की शादी में मायरा लेकर पहुंचे और अपना वचन पूरा किया। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान हेमराज की शहादत के छह साल बाद उनके आंगन में पहली बार शादी के जश्न का माहौल था और वीरांगना मधुबाला के भाई के रूप में बिरला शुक्रवार को उनके घर मायरा लेकर पहुंचे जहां मायरे की सारी रश्में पूरी की गई। सांगोद में आयोजित कार्यक्रम में बिरला के साथ सांगोद विधायक एवं राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने वीरांगना मधुबाला को मायरा पहनाया। इस दौरान रीति रिवाज के अनुसार बिरला ने वीरांगना मधुबाला को चुनरी ओढाई वहीं बहन ने भाई को बत्तीसी झिलाई और बिरला का तिलक एवं आरती की। लोकसभा अध्यक्ष के इस तरह मायरा भरना और मायरे की पूरी रस्म निभाने पर वहां मौजूद लोग भाव विभोर हो उठे। इस दौरान बिरला ने शहीद हेमराज मीणा की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस दौरान बिरला, वीरांगना मधुबाला सहित अन्य लोग शहीद हेमराज को याद कर भावुक हो गए। इस अवसर पर बिरला ने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र के सांगोद में शहीद हेमराज मीणा एवं बहन वीरांगना मधुबाला की बेटी रीना के विवाह के शुभ अवसर पर मायरा भरने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मन गर्व और आनंद से अभिभूत है कि हमारी बिटिया रीना अब अपने नए



जीवन की शुरुआत करने जा रही है। यह अवसर न केवल परिवार के लिए भावुकता से भरा है बल्कि गौरव का भी क्षण है, जब वर्षों की स्नेहिल परवरिश, संस्कार और आशाओं का साकार रूप सामने आया है।

उन्होंने कहा कि शहीद हेमराज मीणा का राष्ट्र के प्रति अद्वितीय बलिदान और अटूट देशभक्ति हम सभी के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेंगे। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि बेटी रीना का दांपत्य जीवन प्रेम, विश्वास और सौहार्द से परिपूर्ण हो तथा वह सदैव सुख, समृद्धि और सम्मान के साथ आगे बढ़े।

उल्लेखनीय है कि पुलवामा हमले में शहीद हेमराज की शहादत से परिवार पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा लेकिन इस दुख में बिरला इस परिवार का सहारा बने और उन्होंने सम्बल प्रदान किया।

# महिला ने पुत्री के साथ कुएं में कूदकर की आत्महत्या

भीलवाड़ा। राजस्थान में भीलवाड़ा जिले शाहपुरा थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपनी सात वर्षीय बेटी सहित कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि देवखेड़ा गांव के पप्पूलाल गाडरी की पत्नी रतनी (32) और सात वर्षीया बेटी रवीना शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे खेत पर गई थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। उनकी तलाश करते हुये पप्पू लाल खेत पर गया जहां रतनी की चप्पल कुएं के बाहर मिली। संदेह होने पर पुलिस को सूचना दी गई।

उन्होंने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और कुएं में तलाश की तो रतनी और रवीना के शव कुएं में मिले। दोनों के शव कुएं से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए राजकीय चिकित्सालय भिजवा दिये गये।

# जेपी नड्डा ने पुरी में प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया, भाजपा नेताओं से की जनता से जुड़ने की अपील

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुरी (ओडिशा)/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने शनिवार को पार्टी विधायकों एवं सांसदों से जनता से जुड़ने की अपील की।

नड्डा ने यहां पार्टी विधायकों एवं सांसदों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन करने के बाद यह अपील की।

कार्यक्रम में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय मंत्रियों जुएल उरांव, धर्मेंद्र प्रधान व अश्विनी वैष्णव, ओडिशा भाजपा के अध्यक्ष मनमोहन सामल और पार्टी के अधिकांश सांसद एवं विधायक शामिल हुए। नड्डा ने 90 मिनट के संबोधन में पार्टी सांसदों को भाजपा एवं लोगों की सेवा करने की उनकी जिम्मेदारियों एवं कर्तव्यों से अवगत कराया। भुवनेश्वर की सांसद अपराजिता सारंगी ने संवाददाताओं से कहा, पार्टी अध्यक्ष ने 14 बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया और प्रतिभागियों से गांवों में जाकर बुजुर्गों, दलितों, महिलाओं समेत विभिन्न वर्गों के लोगों से जुड़ने और उनके जीवन का हिस्सा बनने की अपील की।

चूंकि प्रशिक्षण कार्यक्रम केवल विधायकों और सांसदों के लिए था, इसलिए उद्घाटन समारोह की तस्वीरें और वीडियो लेने के अलावा मीडिया को बैठक में जाने की अनुमति नहीं थी।



भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बताते हुए नड्डा ने पार्टी विधायकों और सांसदों से कहा कि 28 राज्यों और सात केंद्र शासित प्रदेशों में से 19 जगहों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार है। पार्टी अध्यक्ष ने सभा को बताया कि अकेले भाजपा की 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सरकार है और संबंधित विधायकों व सांसदों को जनता का विश्वास जीतने के लिए लोगों से जुड़ना चाहिए। नड्डा ने कहा कि साढ़े तीन महीने की अवधि में, लगभग साढ़े 13 करोड़ लोग स्वेच्छा से भाजपा के सदस्य बन गए हैं। उन्होंने कहा, भाजपा एक कैडर-आधारित पार्टी है, जिसके अपने सिद्धांत और विचारधारा हैं, और सांसदों को इन्हें आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी नेताओं को अगर कोई अहंकार हो तो उसे त्याग देना चाहिए और पार्टी के लिए मिलकर काम करने के लिए आगे आना चाहिए।

नड्डा ने अपने संबोधन में सांसदों को यह भी बताया कि उन्हें क्या करना चाहिए और क्या नहीं।

जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव ने कहा कि भाजपा अकेली पार्टी है जो बूथ स्तर से लेकर प्रधानमंत्री स्तर तक अपने कार्यकर्ताओं व नेताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करती है। उरांव ने कहा कि सभी नेता चाहे वे किसी भी पद पर हों, प्रशिक्षित होते हैं और पार्टी के सिद्धांतों व विचारधाराओं से परिचित होते हैं।

भाजपा अध्यक्ष ने विधायकों और सांसदों को अस्पताल जैसे सार्वजनिक स्थानों पर कुछ समय बिताने का सुझाव भी दिया, ताकि वे जनता के मूड और उनकी परेशानियों का पता लगा सकें।

शुक्रवार शाम से शुरू हुआ यह कार्यक्रम 13 अप्रैल को समाप्त होगा।

प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को संगठनात्मक कामकाज, शासन, वैचारिक स्पष्टता और लक्ष्यों को पाने का कौशल प्रदान किया जा रहा है।

प्रशिक्षण शिविर में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रतिभागियों को चुनाव से पहले पार्टी द्वारा लोगों से किए गए वादों की जानकारी मिले।

पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि सदस्यों को ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराने के लिए कहा जाएगा।

नड्डा शुक्रवार को ओडिशा पहुंचे और चुनाव के दौरान भाजपा द्वारा किए गए वादे के अनुसार राज्य में आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की।

## गर्मी में जल संकट से निपटने के लिए 21,000 से अधिक ट्यूबवेल लगाएगी ओडिशा सरकार : मंत्री



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के पेयजल मंत्री रबी नारायण नाइक ने कहा कि सरकार ने गर्मी में जल संकट से निपटने के लिए राज्य में 21,300 नए ट्यूबवेल लगाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय सभी तक पानी की पहुंच सुनिश्चित करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

नाइक ने कहा कि राज्य में पहले से ही 5.2 लाख ट्यूबवेल हैं और नए ट्यूबवेल उन जगहों पर लगाए जाएंगे जहां जल संकट है। उन्होंने शुक्रवार को कहा, किसी भी समुदाय को पीने के पानी की सुविधा से वंचित नहीं रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि पेयजल से संबंधित शिकायतों का समाधान सात दिन के अंदर किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि सरकार ने इस साल अंत्योदय गृह योजना के तहत 1.60 लाख नए घर आवंटित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों, निराश्रित लोगों और बाढ़ तथा चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाओं के पीड़ितों को प्राथमिकता दी जाएगी। नाइक ने बताया कि कुछ मकानों के निर्माण के लिए कार्य आदेश पहले ही जारी कर दिए गए हैं, जबकि शेष निर्माण कार्य प्रक्रिया में है।

## पश्चिम बंगाल में वक्फ (संशोधन) अधिनियम लागू नहीं किया जाएगा: ममता



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल खासतौर पर मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। पुलिस के अनुसार, जिले में शुक्रवार को भड़की हिंसा के सिलसिले में अब तक 118 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, याद रखें, हमने वह कानून नहीं बनाया, जिस पर बहुत से लोग भड़के हुए हैं। यह कानून केंद्र सरकार ने बनाया है। इसलिए आप जो जवाब चाहते हैं, वह केंद्र सरकार से मांगना चाहिए। उन्होंने पूछा, हमने इस मामले में अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है – हम इस कानून का समर्थन नहीं करते। यह कानून हमारे राज्य में लागू नहीं होगा। तो दंगा किसलिए।

उनकी टिप्पणी मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज के धुलियान से ताजा हिंसा की सूचना के बाद आई, जहां एक व्यक्ति को गोली मार दी गई।

## वक्फ विधेयक पारित होने के बाद भाजपा सांप्रदायिक तनाव भड़का रही है : डेरेक ओ ब्रायन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित होने के बाद देश भर में सांप्रदायिक तनाव भड़काने का आरोप लगाया और इसे ''भाजपा-आरएसएस की क्लासिक चाल'' करार दिया।

पांच अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी, जिसे संसद ने दोनों सदनों में पारित कर दिया था। कई संगठनों ने इस कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। राज्यसभा में टीएमसी संसदीय दल के नेता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भाजपा ने संसद में आधी रात को वक्फ विधेयक पारित किया। उसके बाद, वे विभिन्न राज्यों में सांप्रदायिकता की आग भड़काने में व्यस्त हैं। यह भाजपा-आरएसएस की क्लासिक चाल है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया राज्य सरकारों को ''खलनायक'' के रूप में चित्रित कर रहा है। ओ ब्रायन की टिप्पणी प. बंगाल में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ भड़की हिंसा की पृष्ठभूमि में आई है। मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में भड़की हिंसा के संबंध में अब तक 118 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। भारतीय पुलिस सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शन से जुड़ी हिंसक झड़पों के बाद मुर्शिदाबाद जिले में एक व्यक्ति और उसके बेटे की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। उन्होंने पोस्ट में कहा, ''याद रखें, हमने वह कानून नहीं बनाया, जिस पर बहुत से लोग भड़के हुए हैं। यह कानून केंद्र सरकार ने बनाया है। इसलिए आप जो जवाब चाहते हैं, वह केंद्र सरकार से मांगना चाहिए।''

### वक्फ कानून का विरोध

## शुभेंदु ने रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की जांच एनआईए को सौंपने की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों द्वारा कथित तौर पर रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और तोड़फोड़ किये जाने की जांच शनिवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने की मांग की।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर भाजपा नेता अधिकारी ने उनका ध्यान वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान मुर्शिदाबाद जिले में विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर की गई तोड़फोड़ की ओर आकृष्ट किया है। अधिकारी ने पत्र में कहा, ''मैं विनम्रतापूर्वक अनुरोध करता हूं कि तोड़फोड़ की इन घटनाओं की जांच एनआईए को सौंपी जाए।'' उन्होंने लिखा कि हिंसक विरोध प्रदर्शनों की संवेदनशील प्रकृति तथा मुर्शिदाबाद जिले के बांग्लादेश सीमा से सटे होने के तथ्य को ध्यान में रखते हुए एनआईए ऐसी हिंसा की जांच करने के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। अधिकारी ने पत्र में लिखा, ''इस तरह के कदम से, पर्दे के पीछे से साजिश रचने वाले षड्यंत्रकर्ताओं के असली चेहरे उजागर करने, अपराधियों की पहचान करने तथा भविष्य की घटनाओं के बारे में अंदाजा लगाने में मदद मिलेगी।''

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में धुलियानडांगा-निमतिता स्टेशनों के बीच लोगों के एक बड़े समूह द्वारा व्यवधान पैदा करने और तोड़फोड़ करने के कारण शुक्रवार को पूर्वी रेलवे के न्यू फरक्का-अजीमगंज खंड पर लगभग छह घंटे तक ट्रेन सेवाएं बाधित रही थीं। पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार ने शनिवार को कहा कि किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अशांति पैदा करने के किसी भी प्रयास से सख्ती से निपटा जाएगा। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) जावेद शमीम ने बताया कि अब तक 118 गिरफ्तारियां की गई हैं और मुर्शिदाबाद जिले में कुछ स्थानों पर भड़की हिंसा से निपटने के लिए पुलिस ने चार गोलियां चलाईं, जिसमें दो लोग घायल हुए हैं। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारियों द्वारा एक विशेष समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में इंटरनेट और अन्य संचार प्रणालियां बंद कर दी गई हैं, जिससे हिंसा पीड़ितों के पास अपनी समस्या बताने का कोई माध्यम नहीं है।



## राणा सांगा की बहादुरी भारतीयों को प्रेरित करती रहेगी: योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजपूत शासक राणा सांगा की जयंती पर शनिवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनकी वीरता सदियों तक भारतीयों को प्रेरित करती रहेगी।

आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा ,''धर्मरक्षा हेतु समर्पित रहे परम प्रतापी राणा सांगा की जयंती पर उन्हें कोटिश: नमन!'' उन्होंने कहा, '' राष्ट्रभक्ति और त्याग की प्रतीक उनकी यशगाथा इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है।उनका शौर्य युगों-युगों तक भारतभूमि को स्वाभिमान से सिंचित करता रहेगा।''

राणा सांगा की जयंती मनाने के लिए उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में कई क्षत्रिय समूह एकत्रित हो रहे हैं। आगरा में भी एक ऐसा ही आयोजन होना है।

इससे पहले आठ अप्रैल को 35 से अधिक क्षत्रिय समूहों ने लखनऊ में एकत्र होकर राजपूत राजा राणा सांगा को देशद्रोही कहे जाने संबंधी समाजवादी पार्टी सांसद रामजी लाल सुमन के बयान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था।

## सोशल मीडिया पर परीक्षाफल घोषित किए जाने की सूचना भ्रामक : यूपी बोर्ड

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**प्रयागराज/भाषा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम 15 अप्रैल को घोषित किए जाने की सूचना का शनिवार को खंडन किया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम 15 अप्रैल को अपराह्न दो बजे घोषित किए जाने की सूचना प्रसारित की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह सूचना पूरी तरह से असत्य और भ्रामक है। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा उचित समय पर परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी।

## तृणमूल सांसद ने बिरला को लिखा पत्र, मंत्री पेम्मासामी पर संसद को 'गुमराह' करने का लगाया आरोप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा सांसद बापी हलधर ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर ग्रामीण विकास राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का मामला उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि मनरेगा के तहत राशि जारी जारी करने के संबंध में पूछे गए सवालों के उनके मौखिक और लिखित जवाबों में विरोधाभास है। लोकसभा अध्यक्ष को संबोधित एक पत्र में हलदर ने लोकसभा की कार्यवाही नियम 222 का हवाला देते हुए मांग की है कि संसद को 'गुमराह' करने के लिए मंत्री के खिलाफ कार्रवाई के लिए मामला विशेषाधिकार समिति को भेजा जाना चाहिए। नियम के तहत, कोई भी सदस्य, अध्यक्ष की सहमति से, किसी सदस्य, सदन या उसकी किसी समिति के विशेषाधिकार के उल्लंघन से संबंधित प्रश्न उठा सकता है।

हलधर ने कहा, ''चिंताजनक बात यह है कि मेरे तारांकित प्रश्न संख्या 343 के जवाब में, ग्रामीण विकास मंत्रालय ने पुष्टि की है कि पश्चिम बंगाल को 2021 से केंद्र सरकार से मनरेगा के तहत कोई राशि नहीं मिली है।'' हलधर ने कहा, ''उनका लिखित जवाब सीधे तौर पर सदन में मंत्री द्वारा दिए गए मौखिक बयान का खंडन करता है, जिससे संसद को गुमराह किया जा रहा है और जानबूझकर इसकी कार्यवाही की शुचिता का उल्लंघन किया जा रहा है।'' उन्होंने कहा कि मंत्री ने सदन में 'झूठा दावा' किया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) के तहत तमिलनाडु को उत्तर प्रदेश से अधिक धनराशि प्राप्त हुई है। हलदर ने कहा,



''हालांकि, लिखित जवाब में दिए गए आंकड़े उनके दावे का खंडन करते हैं, जो स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि चालू वित्त वर्ष के लिए उत्तर प्रदेश को तमिलनाडु की तुलना में अधिक धनराशि प्राप्त हुई है।''

तृणमूल सांसद ने मंत्री पर संसद में तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत करने का आरोप लगाया और कहा कि यह विशेषाधिकार का गंभीर उल्लंघन है, क्योंकि यह सदस्यों को सच्ची और सटीक जानकारी के आधार पर अपने कर्तव्यों का पालन करने से रोकता है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से इस मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजने का आग्रह किया।

लोकसभा में 25 मार्च को प्रश्नकाल के दौरान तीखी नोकझोंक हुई और कार्यवाही कुछ समय के लिए तब स्थगित कर दी गई, जब विपक्षी सांसदों ने मनरेगा सहित लंबित केंद्रीय अंशदान जारी करने में कथित देरी को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। लोकसभा में 25 मार्च को उठाए गए प्रश्न संख्या 343 के लिखित उत्तर में एमजीएनआरईजीएस के तहत जारी धनराशि का विवरण दिया गया है। मंत्री ने बताया कि केंद्र ने 18 मार्च तक उत्तर प्रदेश के लिए 9739.87 करोड़ रुपये और 2024-25 में तमिलनाडु के लिए 7391.30 करोड़ रुपये जारी किए हैं।

## बाबा साहब का संविधान बहुजन समाज के लोगों के लिए कवच : अखिलेश यादव



**इटावा/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा दिया हुआ संविधान सभी गरीबों खासकर बहुजन समाज के पीड़ित, शोषित और वंचित लोगों के लिए समय-समय पर कवच बनकर काम करता है।

इटावा जिले के विकासखंड महेवा के परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्थापित आदमकद प्रतिमा के समीप बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की आदमकद कुर्सी पर विराजमान प्रतिमा का अनावरण करने के बाद अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर प्रहार किया और संविधान की रक्षा के लिए पीडीए का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि अब तक संविधान ने ही पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को बचाया था और अब संविधान को बचाने की जिम्मेदारी पीडीए की है। यादव ने कहा, यह संविधान हमारी नींव है, यह कर्म ग्रंथ है। जो लोग अपने मन मुताबिक काम करना चाहते हैं, उनसे हम कहेंगे कि देश संविधान के मुताबिक चलेगा। इसके लिए हम आज संकल्प भी लेते हैं। अगर संविधान कमजोर हुआ तो हमारा लोकतंत्र कमजोर होगा। और जब लोकतंत्र कमजोर होगा तो तानाशाही आएगी।

## चेन्नई सुपर किंग्स के खेल में आत्मविश्वास की कमी : क्लार्क

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नइ/भाषा।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खेल में आत्मविश्वास की कमी है जो मौजूदा समय की जरूरत के मुताबिक नहीं खेल पा रही है।

कोलकाता नाइट राइडर्स ने चेन्नई की टीम को शुक्रवार को एकतरफा मैच में आठ विकेट से हराया। चेन्नई ने इस दौरान अपने घरेलू मैदान पर सबसे कम स्कोर बनाने के बाद छह मैचों में लगातार पांचवीं हार का सामना किया। 'जियो स्टार' के विशेषज्ञ क्लार्क ने कहा, '' यह पिच बल्लेबाजी के लिए काफी कठिन लग रही थी। नई गेंद से थोड़ी हरकत कर रही थी और गेंद निश्चित रूप से कुछ स्पिन भी हो रही थी। मुझे लगता है कि चेन्नई सुपर किंग्स की टीम गलत योजना के साथ मैदान पर उतरी थी।'' उन्होंने कहा, '' जिस तरह से यह टीम खेल रही थी उसमें आत्मविश्वास और जज्बे की कमी स्पष्ट रूप से महसूस की जा सकती है। उनका रवैया आज के दौर के क्रिकेट जैसा नहीं दिख रहा है। उनकी कोशिश बस जीत के करीब पहुंचने या बड़ी हार को टालने की रहती है।'' क्लार्क ने कहा, '' उन्होंने इस तरह के रूढ़िवादी रवैये की जगह सब कुछ दांव पर लगाना चाहिए। सब कुछ जोखिम में डाल कर मैच जीतने की कोशिश करनी चाहिए। इस तरह के बदलाव के बारे कहना जितना आसान है, करना उतना आसान नहीं है।''

## जेडएसआई के वैज्ञानिकों ने उत्तर-पूर्व में भौंरों की नई प्रजातियों की खोज की

**कोलकाता/भाषा।** भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जेडएसआई) और जर्मनी के म्यूजियम 'ए कोएनिग' के शोधकर्ताओं ने पूर्वोत्तर भारत में भौंरों की छह नई प्रजातियों की खोज की है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक 'जूटाक्सा' पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में पूर्वोत्तर भारत के जैव विविधता संपन्न क्षेत्रों में 'सेरिसिना भौंरे' की छह नई प्रजातियों की खोज की घोषणा की गई है। अनुसंधान दल में जेडएसआई के देवांशु गुप्ता, देबिका भुनिया और कैलाश चंद्र तथा म्यूजियम 'ए कोएनिग' के डर्क अहरेंस शामिल थे, जिन्होंने भौंरों के नमूनों की सावधानीपूर्वक जांच की। बयान में कहा गया, ''उनके व्यापक विश्लेषण से न केवल मालाडेरा, नियोसेरिका और सेरिका वंशों से संबंधित इन छह पहले से अज्ञात प्रजातियों का पता चला, बल्कि 28 अन्य प्रजातियों के लिए नए क्षेत्रीय रिकॉर्ड भी दर्ज किए गए, जिससे क्षेत्र के समृद्ध कीट जीवों के बारे में हमारी समझ में काफी वृद्धि हुई।''

## वनडे में दो गेंद इस्तेमाल करने के नियम में बदलाव कर सकता है आईसीसी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** वनडे क्रिकेट में बल्लेबाजों के दबदबे को लेकर चली आ रही चिंता को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 50 ओवर के प्रारूप में दो गेंद के इस्तेमाल के नियम में बदलाव कर सकता है।

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की अध्यक्षता वाली आईसीसी क्रिकेट समिति ने वनडे में एक गेंद के इस्तेमाल की सिफारिश की है। दो नई गेंद का नियम एक दशक से भी अधिक समय से लागू है। इस सिफारिश को आईसीसी के निदेशक बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए जिसके बाद ही इसे संशोधित खेल शर्तों में शामिल किया जाएगा। आईसीसी बोर्ड रविवार को हरारे में इस मुद्दे पर चर्चा करेगा। अभी वनडे में दो नई सफेद कूकाबुरा गेंदों का इस्तेमाल किया जाता है। गेंदबाजों द्वारा प्रत्येक छोर से अलग-अलग नई गेंदों का इस्तेमाल करने के कारण गेंद सख्त बनी रहती है जिससे बल्लेबाजों को खुलकर रन बनाने का फायदा मिलता है।

क्षेत्ररक्षण पाबंदी (30 गज के घेरे के बाहर केवल चार क्षेत्ररक्षक) के कारण बल्लेबाजों को गेंदबाजों पर अनुचित लाभ मिलता है। यहां तक कि महान सचिन तेंदुलकर ने भी अकसर दो नई गेंदों से रन बनाने पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बात की है। आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने नाम नहीं बताने की शर्त पर पीटीआई को बताया, ''आईसीसी क्रिकेट समिति ने तीन नियमों में बदलाव की सिफारिश की है। एक दिवसीय क्रिकेट में एक सफेद गेंद का उपयोग, टेस्ट मैच में ओवर रेट की जांच के लिए 'क्लॉक टाइमर' (टाइमर घड़ी) का उपयोग और अंडर 19 पुरुष विश्व कप को 50 ओवर से टी20 में बदलना। '' ऐसी संभावना है कि 25वें ओवर तक दो गेंद का उपयोग किया जा सकता है और उसके बाद गेंदबाजी करने वाली टीम को मैच पूरा करने के लिए दो गेंद में से एक को रखने का विकल्प दिया जाएगा। 'टाइमर क्लॉक' के मामले में ओवरों के बीच 60 सेकंड का समय देने और एक दिन में 90 ओवर पूरे करने के लिए समय सीमा तय करने की सिफारिश की गई है। धीमी ओवर गति का नियम टी20 के लिए पहले से ही लागू है जिसमें समय से पीछे चल रही टीम को 19वें ओवर की समाप्ति के बाद सर्कल के भीतर एक अतिरिक्त क्षेत्ररक्षक लाने की आवश्यकता होती है। आईसीसी इस बात पर भी विचार करेगा कि अंडर-19 पुरुष विश्व कप को मौजूदा 50 ओवर के प्रारूप से टी20 प्रारूप में आयोजित करने की जरूरत है या नहीं।

## मणिपुर में जल्द ही नई सरकार बनेगी: भाजपा विधायक



**इंफाल/भाषा।** मणिपुर में भाजपा के एक विधायक ने राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति में काफी सुधार होने का दावा करते हुए उम्मीद जताई कि जल्द प्रदेश में नई सरकार बनेगी। भाजपा विधायक टी रोबिंद्रो ने कहा कि मेइती और कुकी नागरिक समूहों के बीच शांति वार्ता भी शुरू हो गई है। रोबिंद्रो ने काकचिंग जिले में कार्यक्रम से इतर कहा, कानून-व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। हमें पूरा विश्वास है कि केंद्र जल्द नई सरकार का गठन करेगा। मेइती और कुकी समूहों के बीच शांति वार्ता शुरू हो गई है। हमें विश्वास है कि शांति लाने में सहायता के लिए निकट भविष्य में मेइती और कुकी विधायकों के बीच बातचीत होगी। मुझे विश्वास है कि जल्द ही नई सरकार बनेगी। थांगा निर्वाचन क्षेत्र के विधायक रोबिंद्रो ने कहा, हमारे (भाजपा विधायकों) बीच नेता चुनने या विभाजन को लेकर कोई असमर्थता नहीं है। हम सभी एकजुट हैं।

## सुविचार

**मन का झुकना भी बहुत जरूरी है, सिर्फ सर झुकाने से भगवान नहीं मिलते।**

## ट्वीट

कथक की विख्यात नृत्यांगना, पद्म विभूषण श्रीमती कुमुदिनी लाखिया जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। वे भारतीय शास्त्रीय नृत्य की महान साधिका थीं, जो अपने पीछे एक बड़ी विरासत छोड़कर गई हैं।

-ओम बिरला



आज राजधानी के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में आयोजित द्वितीय श्री अरुण जेटली मेमोरियल डिबेट में सम्मिलित हुआ। श्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करना उत्साहजनक रहा।

-गजेन्द्र सिंह शेखावत



## कहानी

# पेड़ पर जेवर

गोनू झा

गोनू झा अपनी तीव्र बुद्धि के कारण न केवल मिथिला में प्रसिद्ध थे बल्कि उनकी प्रसिद्धि दूर–दराज तक पहुँच गई थी। उनके वाणी–चातुर्य की सराहना मिथिला नरेश कई बार भरे दरबार में कर चुके थे। गोनू झा के कारनामों की चर्चा नमक–मिर्च लगाकर, उनसे जलने वाले भी लोगों से करते रहते थे। गोनू झा ने अपनी अक्लमन्दी के नए कीर्तिमान स्थापित किए थे। उन कीर्तिमानों में एक था गाँव में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाना। अपनी बुद्धि के बूते गोनू झा ने गाँव में सक्रिय चोर–गिरोह को न केवल पकड़वाया था बल्कि उन्हें सजा भी दिलाई थी।

सजा काट रहे चोर संकल्प ले चुके थे कि सजा की अवधि पूरी होने के बाद जैसे ही वे कारागार से बाहर आएंगे, वैसे ही गोनू झा को मजा चखा देंगे। चोरों की सजा की अवधि भी पूरी हुई और वे कारागार से बाहर भी आ गए। अपने संकल्प के अनुरूप कारागार से निकलकर वे सीधे गोनू झा के आवास की ओर गए और गोनू झा के मकान के आस–पास मँडराने लगे।

सूरज डूब चुका था। नीम अँधेरा फैला हुआ था। चोरों के सरदार ने अपने साथियों को बुलाकर कहा–तुम लोग घर जाओ। आज मैं अकेले ही गोनू झा के घर में चोरी करूँगा। जो कुछ भी हाथ लगेगा, उसमें तुम सभी को बराबर का हिस्सा मिलेगा।

चोरों में से एक ने कुछ कहने के लिए मुँह खोला ही था कि चोरों के सरदार ने कहा–कोई अगर–मगर करने की जरूरत नहीं। गोनू झा मेरा शिकार है, उससे मुझे अकेले निपटने दो। तुम लोग अपने–अपने घर जाओ। अपने बाल– बच्चों से मिलो। मुझे अकेला छोड़ दो ताकि मैं गोनू झा से निपटने के लिए कोई तरकीब सोच सकूँ। गोनू झा को अपने तिकड़मी दिमाग का बड़ा गुरूर हो गया है, मैं उसे ऐसा सबक सिखाना चाहता हूँ कि वह जिन्दगी भर याद रखे और अपने दिमाग पर इतराना भूल जाए।

बात सरदार की थी। किसी दूसरे चोर को कुछ भी बोलने की हिम्मत नहीं हुई। सरदार को अकेला छोड़कर शेष सभी चोर अपने–अपने घर की ओर चल दिए। चोरों का सरदार गोनू झा के घर की चहारदीवारी के पास चहलकदमी करने लगा। उसने अपने कंधे पर लटक रहा गमछा हाथ में ले लिया और अपने माथे पर लपेट लिया – पगड़ी की तरह। और फिर वहीं टहलने लगा।

गोनू झा दरबार से निकलकर बाजार होते हुए लौट रहे थे। हाथ में एक झोला था जिसमें उन्होंने कुछ सब्जी–भाजी खरीदकर रख ली थी। उनकी पत्नी ने सुबह ही कहा था – शाम को सब्जी लेते आइएगा। नहीं तो रात को खाने में सब्जी नहीं मिलेगी। अचार–मुरब्बा से ही काम चलाना पड़ेगा...फिर मुझसे कुछ मत कहिएगा।

गोनू झा जब अपने अहाते की तरफ मुड़ने लगे तो चोरों का सरदार निश्चिन्त भाव से चलता हुआ उनके पास आ गया और बोला – राम–राम पंडित जी ! गोनू झा ने उसकी तरफ देखा तो पहचान नहीं पाए कि यह आदमी कौन है, फिर भी औपचारिकतावश उन्होंने जवाब दिया – राम राम ! चोरों के सरदार ने कहा–पंडित जी ! आप तो मुझे नहीं पहचानते होंगे लेकिन मैं आपको अच्छी तरह जानता हूँ। आपके पड़ोस के गाँव से आपकी कीर्ति सुनकर आया हूँ। मेरे गाँव में चोरों ने उत्पात मचा रखा है। मैंने सुना है कि आपने अपने गाँव से चोरों का सफाया करा दिया। मुझे कोई तरकीब सुझाइए कि अपने घर में चोरी नहीं होने दूं और अपने गाँव वालों को भी चोरों के प्रकोप से बचने की तरकीबें सुझा सकूँ।

गोनू झा ने जैसे ही चोर की बातें सुनीं तो उनका दिमाग तेज गति से काम करने लगा। आज ही दरबार में उन्होंने चर्चा सुनी थी कि उन्होंने जिन चोरों को पकड़वाया था, आज वे सभी कारागार से रिहा हो गए। इस अजनबी का इस तरह अचानक मिलना और चोरों से बचने की तरकीब पूछना उन्हें सामान्य नहीं लगा। मन में उमड़ रहे सन्देह पर काबू पाने की कोशिश करते हुए गोनू झा ने कहा–अरे भाई! पड़ोस के गाँव से आए हो तो पड़ोसी हुए। आयँ! हुए कि नहीं? तब बताओ, क्या यह पड़ोसी का व्यवहार है कि दरवाजे पर खड़ा होकर बात करे? आयँ, बोलो! ... तरकीब भी बताएँगे और चोर का इलाज भी। लेकिन पहले तुम चलो। एक आध गिलास दूध–मट्ठा जो भी घर में होगा, उससे तुम्हारा अतिथि–सत्कार करने दो।

चोरों का सरदार बहुत खुश हुआ। उसे लगा कि मनमाँगी मुराद मिल गई है। उसने गोनू झा से कहा – जैसी आपकी आज्ञा पंडित जी ! मेरे जैसा आदमी आपकी बात टालने की हिम्मत भी नहीं कर सकता।

बात यह थी कि अँधेरा फैल चुका था–गोनू झा उस व्यक्ति को अपने घर ले जाना चाहते थे कि वहाँ लालटेन की रोशनी में उसे अच्छी तरह देख सकें। उनको लग रहा था कि यह व्यक्ति उनके साथ जितने सीधे– सच्चे व्यक्ति की तरह व्यवहार कर रहा है वैसा वस्तुतः वह है नहीं। दाल में जरूर कुछ काला है।

दूसरी तरफ चोरों के सरदार को लग रहा था कि गोनू झा उसके झाँसे में आ चुके हैं। अब जब वह उनके घर जा ही रहा है तो इससे यह फायदा अवश्य मिल जाएगा कि घर में कहाँ क्या सामान रखा हुआ है, उसका अन्दाज तो निश्चय ही आसानी से लग जाएगा। गोनू झा अपने बैठक में चोरों के सरदार के साथ पहुंचे और उसे आसन पर बैठाया तथा पंडिताइन को आवाज देकर लस्सी बनाने को कहा। लस्सी आ गई तब गोनू झा ने लस्सी का लोटा थमाते हुए कहा, लो भाई, लस्सी पियो और अब बताओ कि मुझसे क्या चाहते हो? ऐसा कहते हुए गोनू झा ने लालटेन की बत्ती तेज की और चोरों के सरदार की ओर देखने लगे। गोनू झा को ऐसा लगा कि इस व्यक्ति को उन्होंने कहीं देखा है। मगर उन्हें याद नहीं आ रहा था कि कहाँ और कब। चोरों के सरदार ने पुनः अपनी वही बात दुहराई और घर में इधर–उधर देखते हुए लस्सी पीने लगा।

अचानक गोनू झा को याद आया अरे ! यह तो वही आदमी है जिसको उन्होंने अपने घर में पलंग के नीचे चोरी की मंशा से छुपे रहने पर, एक रात पड़ोसियों को बहुत चालाकी से पुकारकर पकड़वाया था। बस, फिर क्या था! उन्होंने क्षण भर में समझ लिया कि यह चोर उनसे बदला लेने के इरादे से ही आया है। उन्होंने इस बात को प्रकट नहीं होने दिया और कहा–अच्छा हुआ भाई–तुम यहाँ आ गए! मुझे लगता है कि भगवान ने ही तुम्हें मेरी मदद के लिए भेजा है। तुम्हारी मदद तो बाद में होगी, मेरी तो समझो कि हो गई।

चोरों का सरदार गोनू झा की बात सुनकर चकरा गया–अरे! यह क्या कह रहे हैं पंडित जी आप? मैंने क्या मदद कर दी आपकी?

गोनू झा मुस्कुराते हुए बोले – अरे भाई! इतनी– सी बात भी नहीं समझे? सचमुच तुम बड़े भोले हो! अरे, जब चोरों का उत्पात पड़ोस के गाँव में हो रहा है तो क्या चोर जिन्दगी भर उसी गाँव में चोरी करेंगे? एक–दो दिन में किसी दूसरे गाँव में जाएँगे कि नहीं? पड़ोस के गाँव से निकलकर वे इस गाँव में भी तो आ सकते हैं ! बोलो–है कि नहीं?

चोरों के सरदार ने हामी भर दी। वह मन ही मन इस बात पर प्रसन्न हो रहा था कि गोनू झा उसे भोला समझ रहे हैं।

गोनू झा ने कहा–चोरों से बचाव का सबसे सीधा और सरल तरीका है कि घर की कीमती चीजों को एक जगह एकत्रित करके उसकी थैली बना लो और उसे ऐसी जगह रखो जिसके बारे में कोई सोच भी नहीं सके कि ऐसी जगह पर कोई कीमती वस्तु, नकदी और जेवरात आदि भी रख सकता है। मैं तो आज ही अपने घर की तमाम चीजें एकत्रित कर ऐसे ही किसी सुरक्षित स्थान पर रख आऊँगा। न रहेगा बाँस, न बजेगी बाँसुरी !...

थोड़ी देर की चपी के बाद उन्होंने कहा – तुम्हारे घर के आस– पास कोई पेड़ तो होगा? अपने घर की कीमती वस्तुएँ एक थैली में रखकर पेड़ की किसी डाल में अच्छी तरह बाँध दो और पेड़ की कुछ पतली टहनियाँ खींच– मचोड़कर उस पर इस तरह झुका दो कि किसी की नजर भी वहाँ पड़े तो थैली उसे दिखाई न पड़े।

चोरों का सरदार बहुत खुश हुआ। गोनू झा ने कहा–चलो भइया ! अब तुम भी अपने गाँव का रास्ता लो। रात गहरा रही है। अँधेरे में रास्ता सूझता नहीं है। जितनी जल्दी हो अपने घर पहुँचो। ऐसा न हो कि तुम यहाँ चोरी से बचने की तरकीब सीखते रहो और उधर चोर तुम्हारे घर पर हाथ की सफाई दिखा दें।

चोरों का सरदार आसन से उठा और गोनू झा को नमस्कार कर वहाँ से चल दिया। गोनू झा की आँखें उसकी पीठ से चिपकी रहीं। वे समझ रहे थे कि चोर कहीं जाएगा नहीं। और हुआ भी ऐसा ही।

> **गोनू झा ने बगीचे की जमीन पर पड़े सूखे पत्तों को समेटकर एकत्रित किया और उसमें आग लगा दी जिससे धुआँ उठने लगा और थोड़ी ही देर में मधुमक्खियाँ वहाँ से गायब हो गईं। फिर गोनू झा ने पड़ोसियों को आवाज दी। लोग जगे और बगीचे में पहुँचे। गोनू झा ने उन्हें सारा वाकया बताया। फिर क्या था, लोगों ने चोर को कब्जे में ले लिया। चोर के एक पैर की हड्डी टूट गई थी इसलिए लोगों ने उसकी पिटाई नहीं की।**

गोनू झा के मकान से सटे जो गली थी, चोर उसमें मुड़ गया। यह गली गोनू झा के मकान के पिछवाड़े तक जाती थी। गोनू झा के मकान के पिछवाड़े में आम लीची का बगान था। इस बगान में अमरूद, करौंदा, नीबू आदि के पेड़ थे। गली मकान से इतनी सटी हुई थी कि घर में होनेवाली बातें कोई भी गली से गुजरने वाला व्यक्ति सुन सकता था। दरअसल यह गोनू झा की निजी गली थी जो बगान में पहुँचने के लिए बनाई गई थी। स्थिति को भाँप चुकने के बाद गोनू झा ने ऊँची आवाज में अपनी पत्नी से कहा–जानती हो पंडिताइन ! यह जो भला आदमी आया था वह बता रहा था कि पड़ोस के गाँव में चोरों का उत्पात शुरू हो गया है। निकालो अपने जेवर, सारे के सारे और देखो मेरे बक्से में जितनी भी नकदी है, उसे भी। सब लाओ, जल्दी से। अभी मैं उन्हें बगीचे में ले जाऊँगा और सुरक्षित स्थान देखकर छुपा आऊँगा। चोरों का क्या भरोसा ! आज उस गाँव में तो कल इस गाँव का रुख करेंगे ही। पंडिताइन चकित होकर बाहर आई और कुछ पूछने को उद्यत हुई तो गोनू झा ने उसे चुप रहने का इशारा किया। चोर कहीं गया नहीं था। गली में गोनू झा के कमरे की खिड़की के पास दुबककर कमरे में होने वाली बातें सुन रहा था। इस बात का अहसास गोनू झा को भी था। गोनू झा अपनी जगह से उठे और चीखकर पूछा –पंडिताइन वह बड़का चद्दर कहाँ है? खोज रहे हैं तो मिलबे नहीं करता है? अरे भगवान, सामान तो ठीक से रखा करो कि जरूरत पड़ने पर तुरन्त मिल जाए।

पंडिताइन उनकी बात सुनकर खीझ उठी और तड़ककर बोली–यह अचानक आपको क्या हो गया? इतना काहे गरज रहे हैं? कौन चद्दर चाहिए?

गोनू झा उसी तरह गुस्से में झल्लाते हुए ऊँची आवाज में बोले–सारी रामायण पढ़ गए और सीता किसकी जोरू? अब हम तुमसे कुछ नहीं बताएँगे। मुझे करने दो, जो कर रहा हूँ। बस, अब कुछ बोलना नहीं !

चोरों के सरदार ने घर में खट–पट की आवाजें सुनीं। तकरीबन एक घंटे तक यह खटाक पटाक रुक–रुककर होता रहा। फिर गोनू झा एक बड़ी–सी पोटली सिर पर उठाए आते दिखे। चोरों का सरदार दीवार से चिपककर साँस रोके खड़ा रहा। गोनू झा सीधे बगीचे में गए। चोरों का सरदार वहीं से बगीचे की आहट लेने लगा। उसने डाल टूटने की आवाज सुनी। पत्ते निचोड़े जाने की आवाजें सुनीं। फिर ऐसी आवाज भी सुनी जैसे कोई किसी ऊँची जगह से छलाँग लगाने से पैदा होती है। उसने मन ही मन अनुमान लगाया कि गोनू झा के सिर पर जो बड़ी–सी पोटली थी, उसमें गोनू झा के घर के कीमती सामान, जेवर व नकदी रहे होंगे जिसे लेकर गोनू झा बगीचे के किसी पेड़ पर चढ़े और किसी डाल पर बाँधकर पेड़ से नीचे उतरने के लिए पेड़ की किसी निचली डाल से उन्होंने छलाँग लगा दी। और अब वे गली की ओर आ रहे होंगे। चोर तेजी से गली के बाहर निकल आया। चोर का अनुमान सही था। थोड़ी ही देर में गोनू झा बगीचे से गली में आए और उससे गुजरकर अपने घर में घुसे और दरवाजा बंद कर लिया।

गोनू झा के बगीचे में एक आम के पेड़ पर मधुमक्खियों का एक बड़ा– सा छत्ता था जिसके बारे में गोनू झा को पहले से पता था। उन्होंने अपने सिर पर जो पोटली रखी थी उसमें घर का कचड़ा भरा था जिसे गोनू झा बगीचे के एक कोने पर बने गड्ढे में फेंक आए थे। अपने कमरे में आकर वे जोर से बोले–अरे पंडिताइन, अब काहे को मुँह फुलाए बैठी हो? अरे तुम्हें तो इस गोनू झा को धन्यवाद देना चाहिए जो तुम्हारे जेवर को सुरक्षित स्थान पर रख आया है। आवाज इतनी ऊँची थी कि चोरों के सरदार के कान तक आसानी से पहुँच गई। निस्तब्ध रात थी। अगर कोई आवाज थी तो झींगुरों की झन झन झन झन ! बस ! गोनू जानते थे कि अब क्या होनेवाला है। वे मुस्कुराते हुए अपने बिस्तर पर आए और लालटेन की बत्ती धीमी की और लेट गए। तीन पहर रात गुजर चुकी थी कि बगीचे से बहुत जोरों से आवाज हुई–'धप्प !' और इसके साथ ही कोई जोर से चीखा – बाप रे! बचाओ। गोनू झा समझ गए कि क्या हुआ है। उन्होंने पंडिताइन को जगाया। हाथ में लाठी और रस्सी ली। पंडिताइन से कहा कि वे लालटेन लेकर साथ चलें। पंडिताइन के साथ जब गोनू झा बगीचे में पहुँचे तो माजरा देखकर मुस्कुराए बिना नहीं रह पाए। चोर जमीन पर सरकने की कोशिश करता जा रहा था और बेचैनी से बिलबिला रहा था। गोनू झा को समझते देर न लगी कि यह चोर पेड़ पर चढ़ा और मधुमक्खियों के छत्ते को जेवर की पोटली समझकर उसे नोंचने लगा। जाहिर है कि मधुमक्खियों ने उस पर हमला बोल दिया। मधुमक्खियों के डंक के कारण चोर पेड़ से गिर पड़ा और शायद पेड़ से गिरने के कारण उसका पैर टूट गया है जिसके कारण वह घिसट रहा है। मधुमक्खियों का क्रोध भी शान्त नहीं हुआ है और चोर उनके डंक से अब भी आहत हो रहा है।

गोनू झा ने बगीचे की जमीन पर पड़े सूखे पत्तों को समेटकर एकत्रित किया और उसमें आग लगा दी जिससे धुआँ उठने लगा और थोड़ी ही देर में मधुमक्खियाँ वहाँ से गायब हो गईं। फिर गोनू झा ने पड़ोसियों को आवाज दी। लोग जगे और बगीचे में पहुँचे। गोनू झा ने उन्हें सारा वाकया बताया। फिर क्या था, लोगों ने चोर को कब्जे में ले लिया। चोर के एक पैर की हड्डी टूट गई थी इसलिए लोगों ने उसकी पिटाई नहीं की।

चोर को हवालात भेजने से पहले गोनू झा ने चोरों के सरदार से कहा – क्यों भाई? मैंने तुमसे कहा था न कि चोर का इलाज भी बताऊँगा। कैसा रहा इलाज?

– 'हिन्दी कहानी.कॉम से साभार

## संजय उवाच

■ संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com



# पुनरपि जननं पुनरपि मरण

श्मशान में हूँ। देखता हूँ कि हर क्षेत्र की तरह यहाँ भी भारी भीड़ है। लगातार कोई ना कोई निष्प्राण देह लाई जा रही है। देह के पीछे सम्बंधित मृतक के परिजन और रिश्तेदार हैं। दहन के लिए चितास्थल खाली मिलना भी अब भाग्य कहलाने लगा है। दो देह प्रतीक्षारत हैं। कुछ समय बाद दो खाली चितास्थलों पर चिता तैयार की जाने लगी हैं। मृतक के परिजन और रिश्तेदार केवल ज़बानी निर्देश तक सीमित हैं। सारा काम तो श्मशान के कर्मचारी कर रहे हैं।

पुरोहित अंतिम संस्कार कराने में जुटे हैं। हर संस्कार की भाँति यहाँ भी उनसे शॉर्टकट की अपेक्षा है। मृतक के पुत्र, पौत्र, निकटवर्ती अपने केश अर्पित कर रहे हैं। उपस्थित लोगों में से अधिकांश के चेहरे पर घर या काम पर जल्दी जाने की बेचैनी है। ज़िंदा रहने के लिए महानगर की शर्तें, संवेदनाओं को मुर्दा कर रही हैं। इन मृत संवेदनाओं की तुलना में मरघट मुझे चैतन्य लगता है। यूँ भी देखें तो महानगरों के मरघट की अखंड चिताग्नि 'मणिकर्णिका' का विस्तार ही है।

मानस में जच्चा वॉर्ड के इर्द–गिर्द भीड़ का दृश्य उभरता है। अलबत्ता वहाँ आनंद और उल्लास है, चेहरों पर प्रसन्नता है। प्रसूतिगृह में जीव के आगमन का हर्ष है, श्मशान में जीव के गमन का शोक है।

बार–बार आता है, बार–बार जाता है, फिर–फिर लौट आता है। जीव अन्यान्य देह धारण करता है। चक्र अनवरत है। विशेष बात यह कि जो शोक या आनन्द मना रहे हैं, वे भी उसी परिक्रमा के घटक हैं। आना–जाना उन्हें भी उसी रास्ते है। जीवन का रंगमंच, पात्रों से निरंतर भूमिकाएँ बदलवाता रहता है। आज जो कंधा देने आए हैं, कल उन्हें भी कंधों पर ही आना है।

'भज गोविंदम' के 21वें पद में आदिशंकराचार्य जी महाराज कहते हैं–

पुनरपि जननं पुनरपि मरणं पुनरपि जननी जठरे शयनम।
इह संसारे बहुदुस्तारे कृपयाऽपारे पाहि मुरारे।।

भावार्थ है कि बार–बार जन्म होता है। बार–बार मृत्यु आती है। बार–बार माँ के गर्भ में शयन करना होता है। बार–बार का यह चक्र अनवरत है। यही कारण है कि संसार रूपी महासागर पार करना दुस्तर है। वस्तुत: काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, राग–द्वेष, निंदा सभी तरह के राक्षसी विषयों का यह संसार महासागर है। यह अपरा है, यहाँ किनारा मिलता ही नहीं। ऐसे राक्षसों के अरि अर्थात मुरारि, भवसागर पार करने की शक्ति प्रदान करें।

श्मशान से श्मशान तक की यात्रा से मुक्त होने का पहला चरण है भान होना। भान रहे कि सब श्मशान की दिशा में यात्रा कर रहे हैं। यह पंक्तियाँ लिखनेवाला और इन्हें पढ़नेवाला भी। श्मशान पहुँचने के पहले निर्णय करना होगा कि पार होने का प्रयास करना है या फेरा लगाते रहना है। ..इति।

## बोध कथा

# तीन पुतले

महाराजा चन्द्रगुप्त को खिलौनों का बहुत शौक था। उन्हें हर रोज़ एक नया खिलौना चाहिए था। आज भी महाराजा के पूछने पर कि क्या नया है; पता चला कि एक सौदागर आया है और कुछ नये खिलौने लाया है। सौदागर का ये दावा है कि महाराज या किसी ने भी आज तक ऐसे खिलौने न कभी देखें हैं और न कभी देखेंगे। सुन कर महाराज ने सौदागर को बुलाने की आज्ञा दी। सौदागर आया और प्रणाम करने के बाद अपनी पिटारी में से तीन पुतले निकाल कर महाराज के सामने रख दिए और कहा कि अन्नदाता ये तीनों पुतले अपने आप में बहुत विशेष हैं। देखने में भले एक जैसे लगते हैं मगर वास्तव में बहुत निराले हैं। पहले पुतले का मूल्य एक लाख मोहरें हैं, दूसरे का मूल्य एक हज़ार मोहरे हैं और तीसरे पुतले का मूल्य केवल एक मोहर है।

सम्राट ने तीनों पुतलों को बड़े ध्यान से देखा। देखने में कोई अन्तर नहीं लगा, फिर मूल्य में इतना अन्तर क्यों? इस प्रश्न ने चन्द्रगुप्त को बहुत परेशान कर दिया। हार के उसने सभासदों को पुतले दिये और कहा कि इन में क्या अन्तर है मुझे बताओ। सभासदों ने तीनों पुतलों को घुमा फिराकर सब तरफ से देखा मगर किसी को भी इस गुत्थी को सुलझाने का जवाब नहीं मिला। चन्द्रगुप्त ने जब देखा कि सभी चुप हैं तो उस ने वही प्रश्न अपने गुरू और महामन्त्री चाणक्य से पूछा।

चाणक्य ने पुतलों को बहुत ध्यान से देखा और दरबान को तीन तिनके लाने की आज्ञा दी। तिनके आने पर चाणक्य ने पहले पुतले के कान में तिनका डाला। सब ने देखा कि तिनका सीधा पेट में चला गया, थोड़ी देर बाद पुतले के होंठ हिले और फिर बन्द हो गए। अब चाणक्य ने अगला तिनका दूसरे पुतले के कान में डाला। इस बार सब ने देखा कि तिनका दूसरे कान से बाहर आगया और पुतला ज्यों का त्यों रहा। ये देख कर सभी की उत्सुकता बढ़ती जा रही थी कि आगे क्या होगा। अब चाणक्य ने तिनका तीसरे पुतले के कान में डाला। सब ने देखा कि तिनका पुतले के मुँह से बाहर आगया है और पुतले का मुँह एक दम खुल गया। पुतला बराबर हिल रहा है जैसे कुछ कहना चाहता हो।

चन्द्रगुप्त के पूछने पर कि ये सब क्या है और इन पुतलों का मूल्य अलग अलग क्यों है, चाणक्य ने उत्तर दिया। राजन, चरित्रवान सदा सुनी सुनाई बातों को अपने तक ही रखते हैं और उनकी पुष्टी करने के बाद ही अपना मुँह खोलते हैं। यही उनकी महानता है। पहले पुतले से हमें यही ज्ञान मिलता है और यही कारण है कि इस पुतले का मूल्य एक लाख मोहरें है।

कुछ लोग सदा अपने में ही मग्न रहते हैं। हर बात को अनसुना कर देते हैं। उन्हें अपनी वाह–वाह की कोई इच्छा नहीं होती। ऐसे लोग कभी किसी को हानि नहीं पहुँचाते। दूसरे पुतले से हमें यही ज्ञान मिलता है और यही कारण है कि इस पुतले का मूल्य एक हज़ार मोहरें है।

कुछ लोग कान के कच्चे और पेट के हलके होते हैं। कोई भी बात सुनी नहीं कि सारी दुनिया में शोर मचा दिया। इन्हें झूठ सच का कोई ज्ञान नहीं, बस मुँह खोलने से मतलब है। यही कारण है कि इस पुतले का मूल्य केवल एक मोहर है।



## वीर गाथा

# कैप्टन तेजबंस सिंह चहल: दुश्मन को न लग जाए भनक, इसलिए दर्द सहकर भी करते रहे निगरानी

कैप्टन तेजबंस सिंह चहल का जन्म 30 जून, 1959 को पंजाब के बठिंडा में हुआ था। घमदुर सिंह चहल के वीर पुत्र तेजबंस ने सियाचिन में दुश्मन के सामने अदम्य साहस और बहादुरी का प्रदर्शन किया था।

भारतीय सेना ने 11 अप्रैल, 1989 को सियाचिन के चुमिक–ग्योंगला ग्लेशियर क्षेत्र में ऑपरेशन आईबेक्स शुरू किया था। उसका मकसद एक महत्त्वपूर्ण एरिया पॉइंट पर कब्ज़ा करना था। वह इलाका 15,000 से 22,000 फीट की ऊंचाई पर था। वहां शून्य से नीचे तापमान था और बहुत तेज रफ्तार से हवा चल रही थी। इस इलाके पर पाकिस्तान की कुदृष्टि थी। इसलिए स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विशेष कार्य बल के हिस्से के रूप में एक अवलोकन चौकी अधिकारी को तैनात करना जरूरी था। वहां भारतीय सेना ने कैप्टन तेजबंस को तैनात कर दिया, जिन्होंने 21 अप्रैल से 7 मई तक अपनी चौकी से लगातार निगरानी की। इस दौरान उन्होंने दुश्मन के ठिकानों की खोज की, उन्हें पहचाना और पंजीकृत किया। उन्होंने 21 अप्रैल को चुमिक और मूसा कैंप की ओर गोलीबारी की, जिससे पाकिस्तानी भयभीत हो गए थे।

30 अप्रैल की देर रात को दुश्मन ने हमला किया। कैप्टन तेजबंस उसके निशाने पर थे। वे चाहते तो चौकी छोड़ सकते थे, लेकिन वहीं डटे रहे और लगातार निगरानी करते रहे। सात मई को सुबह लगभग 10.20 बजे पाकिस्तान ने भारी गोलाबारी की। इससे कैप्टन तेजबंस गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी जांघ की हड्डी टूट गई और काफी खून बह गया था।

बहुत तेज दर्द के बावजूद तेजबंस ने अपना रेडियो सेट चलाना जारी रखा। वे अपने उच्चाधिकारियों को सूचनाएं भेजते रहे, लेकिन इस बात का जिक्र नहीं किया कि खुद गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। वे चाहते थे कि दुश्मन को भनक न लग जाए। आखिरकार भारतीय सेना ने एक टीम भेजकर उन्हें वहां से सुरक्षित निकाला और चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई। कैप्टन तेजबंस सिंह चहल ने देश की सुरक्षा के लिए दर्द सहकर भी वीरतापूर्वक कर्तव्य निभाया। उनका त्याग हमें प्रेरणा देता रहेगा। उन्हें वीर चक्र से सम्मानित किया गया।



महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## पूजा अर्चना



हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला शनिवार को शिमला में हनुमान जयंती के अवसर पर जाखू मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए।

# दक्षिणपंथी कोई बड़ा कवि नहीं दे पाए : जावेद अख्तर

मुंबई/भाषा। पटकथा लेखक एवं गीतकार जावेद अख्तर ने कविता को ''न्याय की भाषा'' और ''समाज की मुखर आवाज'' बताते हुए कहा है कि दक्षिणपंथी दुनियाभर में कोई बड़ा कवि नहीं दे पाए हैं।

वह शुक्रवार शाम मध्य मुंबई के भायखला में अन्नाभाऊ साठे सभागार में समष्टि कला और साहित्य महोत्सव के दौरान 'नामदेव ढसाल समष्टि पुरस्कार' प्राप्त करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे।

इस दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन प्रसिद्ध मराठी कवि एवं दलित कार्यकर्ता दिवंगत नामदेव ढसाल की स्मृति में किया गया, जो 11 अप्रैल से शुरू हुआ। अख्तर ने कहा, ''जो लोग प्रेम कविताएं सुनते हैं, वे नहीं जानते कि कविता केवल प्रेम की भाषा नहीं है, बल्कि यह न्याय की भाषा भी है। कविता का सार पूरी दुनिया में सांस्कृतिक रूप से एक समान है। और यही कारण है कि विश्व के इतिहास में, दक्षिणपंथी कभी कोई बड़ा कवि नहीं दे पाए।'' उन्होंने कहा, ''कविता समानता में विश्वास करती है, न्याय में विश्वास करती है और इसी तरह की कविता जो इन मूल्यों की शिक्षा देती है, उसे दुनिया भर में स्वीकार किया गया है।'' अख्तर ने कहा, ''बड़ा कवि वह होता है जो न्याय के बारे में बोलता है और जिस कवि (ढसाल) के नाम पर हम आज यहां इकट्ठा हुए हैं, उन्होंने न्याय के बारे में बात की थी।'' उन्होंने कहा, ''कविता समाज की मुखर आवाज है। महात्मा फुले और बाबासाहेब आंबेडकर ने बेजुबानों को आवाज प्रदान की...सामाजिक न्याय के लिए हमारा पूरा आंदोलन महाराष्ट्र से शुरू हुआ।''

## कलश यात्रा



मुरादाबाद में हनुमान जयंती के अवसर पर 'कलश यात्रा' में भाग लेती महिला भक्त।

# अंतरिक्ष यात्रा के कुछ महीने बाद भारत आए गागरिन का हुआ था भव्य स्वागत

नई दिल्ली/भाषा। आज से 64 साल पहले इसी दिन तत्कालीन सोवियत संघ के अंतरिक्ष यात्री यूरी गागरिन अंतरिक्ष में जाने वाले पहले व्यक्ति बने थे। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को हासिल करने के कुछ महीनों बाद, गागरिन भारत आए थे और यहां लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया था। गागरिन जहां भी गए, वहां नेताओं और आम जनता ने उनका भव्य स्वागत किया, जो उनकी लोकप्रियता और भारत-रूस के दीर्घकालिक संबंधों को दर्शाता है। अंतरराष्ट्रीय मानव अंतरिक्ष उड़ान दिवस के अवसर पर शनिवार को दिल्ली स्थित ' रशियन हाउस' में गागरिन और सोवियत अंतरिक्ष कार्यक्रम के दो अन्य प्रमुख हस्तियों को दर्शाती एक पट्टिका का अनावरण किया गया। भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने पीटीआई-भाषा से कहा कि रूस में यूरी गागरिन की भारत यात्रा को हमेशा याद किया जाता है, जब उनका भव्य स्वागत किया गया था। उन्होंने कहा कि वह जहां भी गए, भारी भीड़ उमड़ी थी।

गागरिन ने 12 अप्रैल 1961 को अपने वोस्तोक 1 अंतरिक्ष यान में बैठकर 108 मिनट तक अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले पहले इनसान थे।

गागरिन नवंबर में भारत की यात्रा पर आए, जहां दिल्ली के पालम हवाई अड्डे पर उनका भव्य स्वागत किया गया। उनके स्वागत में एक बैनर लगाया गया था जिस पर लिखा था ''निरस्त्रीकरण और शांति के लिए भारत-सोवियत सहयोग अमर रहे - अखिल भारतीय शांति परिषद''। ब्रिटिश मूवीटोन द्वारा संरक्षित पुरानी तस्वीरों-वीडियों में दिखाई दे रहा है



कि बड़ी संख्या में लोग, सैन्य वर्दी पहने गागरिन और उनकी पत्नी वेलेंटिना गोर्याचेवा का राष्ट्रीय राजधानी में उतरने पर स्वागत कर रहे हैं । उस समय के फुटेज में अंतरिक्ष यात्री को सीढ़ियों से उतरते समय ताली बजाते और हाथ हिलाते हुए देखा जा सकता है, तथा रूसी बच्चे उनका स्वागत करने के लिए रूसी शैली के गुलदस्ते पकड़े हुए हैं।

गागरिन ने जिस शहर का दौरा किया, वहां तालियों और जयकारों के साथ उनका स्वागत किया गया। दिल्ली में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने अपने तीन मूर्ति भवन निवास पर गागरिन और उनकी पत्नी की मेजबानी की थी।

भारत में रूसी दूतावास ने 12 अप्रैल, 2020 को ट्वीट किया था, '' यूरी गागरिन विश्व दौरे के तहत अपनी अंतरिक्ष यात्रा के करीब सात महीने बाद भारत आए और आठ दिन बिताए। गागरिन ने जवाहरलाल नेहरू से मुलाकात की, मुंबई में एक विशाल सभा को संबोधित किया और पूरे भारत में जनता द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया।''

# जिसे गोशाला में बदबू आए, उसे भारत में रहने का अधिकार नहीं : मोहन यादव

इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव के गोशाला में दुर्गंध वाले बयान को लेकर उन पर इशारों ही इशारों में निशाना साधते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को कहा कि जिस भारतवासी को गोशाला में बदबू आती है, उसे देश में रहने का अधिकार नहीं है।

मोहन यादव ने इंदौर नगर निगम की एक गोशाला की नींव रखने के कार्यक्रम में अखिलेश की ओर स्पष्ट इशारा करते हुए कहा, '' उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में गोपालन से जुड़े परिवार से आने वाला एक व्यक्ति केवल वोट के चक्कर में कह रहा है कि उसे इत्र की खुशबू आती है और गोशाला में बदबू आती है। मुझे दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ेगा कि भारत में रहकर गोशाला में जिसको बदबू आए, उसको भारत में रहने का अधिकार नहीं है।'' उन्होंने कहा कि इन दिनों कई परिवार गोशाला में अपने बच्चों का जन्मदिन धूम-धाम से मनाने के लिए आते हैं और गोशाला से अच्छा कौन-सा स्थान हो सकता है। मोहन यादव ने कहा कि गाय का गोबर ''जीवन रूपी अमृत'' है जिससे बनी खाद की बदौलत खेतों में गेहूं के चंद बीजों से हजारों बालियां फूट पड़ती हैं।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि गाय का गोबर कैंसर को भी मात दे सकता है। उन्होंने कहा कि गाय के गोबर और गोमूत्र से कई प्रकार की आयुर्वेदिक औषधियां बन रही हैं।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इत्र नगरी कहे जाने वाले कन्नौज में पिछले महीने कहा था कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार उत्तर प्रदेश में गोशालाएं बना रही है क्योंकि उन्हें दुर्गंध पसंद है जबकि सपा की पिछली सरकार ने राज्य में अपने कार्यकाल के दौरान इत्र पार्क स्थापित किए थे क्योंकि उसे खुशबू पसंद है।

सपा प्रमुख ने कहा था,'' वे (भाजपा) दुर्गंध पसंद करते हैं, इसलिए गोशाला बना रहे हैं। हम सुगंध पसंद कर रहे थे, इसलिए हम इत्र पार्क बना रहे थे।''

# मुंबई पुलिस के साथ जुड़े आयुष्मान खुराना

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना अब मुंबई पुलिस की नई सायबर सुरक्षा पहल का चेहरा बन गए हैं। यह अभियान लोगों को खासकर संवेदनशील और आसानी से निशाना बनने वाले समूहों को साइबर अपराधियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले धोखाधड़ी के तरीकों से सावधान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। अभियान के तहत जारी एक प्रमोशनल वीडियो में, अभिनेता-गायक आयुष्मान खुराना,ऑनलाइन सतर्कता बरतने और डिजिटल फ्रॉड से बचने के कुछ आसान लेकिन ज़रूरी टिप्स साझा करते हैं। अक्सर देखा गया है कि आम लोग ही साइबर अपराधों का शिकार बनते हैं, क्योंकि वे धोखेबाजों की आधुनिक तकनीकों से अनजान होते हैं। इस पहल के माध्यम से मुंबई पुलिस और आयुष्मान खुराना मिलकर लोगों को



डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए जागरूक और सक्षम बनाना चाहते हैं। सायबर सुरक्षा को लेकर आयुष्मान खुराना ने कहा, आज के समय में जब ऑनलाइन फ्रॉड और स्कैम्स बहुत आम हो चुके हैं, सायबर सुरक्षा की अहमियत और भी बढ़ गई है। ऐसे में सतर्क और जागरूक रहना ज़रूरी है। मुंबई पुलिस के साथ जुड़ना, जिन्होंने हमेशा हमारे शहर के लोगों की सुरक्षा की है, मेरे लिए गर्व की बात है। ये हेल्पलाइन और पब्लिक सेफ्टी अनाउंसमेंट लोगों को साइबर अपराधों से बचाने की दिशा में एक शानदार पहल है।



# नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ फिल्म कोस्टाओ की घोषणा की

मुंबई/एजेन्सी

ओटीटी प्लेटफार्म, जी5 ने बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ अपनी नयी फिल्म कोस्टाओ की घोषणा की है। सेजल शाह द्वारा निर्देशित और विनोद भानुशाली द्वारा निर्मित, कोस्टाओ एक हाई-ऑक्टेन क्राइम ड्रामा है, जो गोवा के सबसे बड़े तस्कर से लोहा लेने वाले मेवरिक कस्टम अधिकारी के जीवन से प्रेरित है। जी5 अपनी नयी फिल्म, कोस्टाओ के साथ इतिहास के एक अनकहे अध्याय को उजागर करने के लिए तैयार है, जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिका में हैं।

विनोद भानुशाली, कमलेश भानुशाली, भावेश मंडालिया, सेजल शाह, श्याम सुंदर और फैजुद्दीन सिद्दीकी द्वारा निर्मित, कोस्टाओ एक निडर कस्टम अधिकारी की अविश्वसनीय कहानी से प्रेरित है। बॉम्बे फेबल्स मोशन पिक्चर्स के सहयोग से भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत, कॉस्टाओ ईमानदारी, साहस और व्यक्तिगत बलिदान की एक मनोरंजक कहानी है।

गोवा के एक सिद्धांतवादी कस्टम अधिकारी, श्री कॉस्टाओ फर्नांडीस के जीवन के अनुभवों से प्रेरित, यह फिल्म 1990 के दशक में उनके साहसी एकल मिशन का अनुसरण करती है, जिसने भारत में सोने की तस्करी के सबसे बड़े प्रयास को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। फिर भी, सच्ची वीरता अक्सर भारी कीमत चुकाती है।

## उत्सव



असम की लड़कियां पारंपरिक मेखला चादर में शनिवार को असम के नागांव में रोंगाली बिहू उत्सव के अवसर पर बिहू करती हुईं।

# फिटनेस शारीरिक ही नहीं, मानसिक भी होता है : श्वेता त्रिपाठी

मुंबई/एजेन्सी



अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी फिटनेस को काफी महत्वपूर्ण मानती हैं। इसके लिए वह सख्ती के साथ नो-शुगर डाइट को भी फॉलो करती हैं। अभिनेत्री का मानना है कि फिटनेस सिर्फ शरीर से जुड़ा नहीं होता, बल्कि यह एक सोच या विचार भी है। यह मन से जुड़ा होता है। अपनी फिटनेस के बारे में श्वेता ने बताया, मेरे लिए फिटनेस का मतलब सिर्फ शरीर से संबंधित नहीं है। यह एक मानसिकता है। अभिनेत्री ने बताया कि वह अपने पति चैतन्य शर्मा उर्फ स्लो चीता और ट्रेनर त्रिदेव को फिटनेस के लिए लगातार प्रोत्साहित करने का श्रेय देती हैं। उन्होंने कहा, मैं लकी हूं कि मेरे पास पति और मेरे ट्रेनर जैसे कई लोग हैं, जो मुझे प्रोत्साहित करते रहते हैं। मैं नो शुगर डाइट को फॉलो करती हूं और इस छोटे से प्रयास ने मेरी काफी मदद की है। यह न केवल मुझे सकारात्मक रखने में मदद भी करता है। उन्होंने बताया, मेरे ट्रेनर और फिटनेस साथी त्रिदेव ने मुझे अनुशासन के साथ एक एथलीट की तरह ट्रेनिंग के लिए प्रेरित किया। मेरा फिटनेस शेड्यूल ताकत और चुस्ती को बढ़ाने पर केंद्रित है। 'मिर्जापुर' सीरीज, 'मसान', 'रात अकेली है' और 'कार्गो' जैसी फिल्मों में काम कर चुकी अभिनेत्री ने मार्च में अपनी पहली होम-प्रोडक्शन फिल्म की घोषणा की थी, जो महिलाओं पर आधारित होगी।



# फिल्म 'किंगडम' का नया पोस्टर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार विजय देवरकोंडा स्टारर 'किंगडम' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। किंगडम (साम्राज्य) का टीज़र रिलीज़ होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। विजय देवरकोंडा को इस अंदाज़ में पहले कभी नहीं देखा गया। उनके अंदर की रॉ एनर्जी, रग्ड चार्म और बेकाबू जोश, सब कुछ टीज़र में झलकता है। ऐसा लग रहा है मानो कोई तूफान आ रहा हो, जिसे रोकना नामुमकिन है। इस लुक में विजय पूरी तरह से ट्रांसफॉर्म हो गए हैं। फिल्म को लेकर क्रेज़ पहले से था, और अब टीज़र ने एक्साइटमेंट को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है।

'किंगडम' के मेकर्स ने आज सोशल मीडिया पर एक जबरदस्त पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म की रिलीज़ का काउंटडाउन शुरू कर दिया है। पोस्टर के साथ मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है किंगडमके राज का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। महानता और मोक्ष की ओर गिनती शुरू, 50 दिन शेष। गौतम तिन्ननुरी निर्देशित फिल्म किंगडम 30 मई को रिलीज होगी।



# फिल्म 'धमाल 4' की शूटिंग शुरू

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन की आने वाली फिल्म 'धमाल 4' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। कॉमेडी फिल्म फ्रेंचाइजी 'धमाल' के अब तक तीन भाग रिलीज हो चुके हैं। फैंस फिल्म के अगले भाग का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब धमाल के चाहने वालों के लिए खुश कर देने वाली खबर सामने आई है। 'धमाल 4' की शूटिंग जारी है और फिल्म का एक शेड्यूल भी पूरा हो गया है। अजय देवगन ने अपने एक्स अकाउंट पर अपनी आने वाली फिल्म धमाल 4 की कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह अपने सह-कलाकारों के साथ दिख रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इस फिल्म की टीम ने मालेश्वर घाट में पहले शेड्यूल की शूटिंग खत्म कर ली है।

अजय देवगन ने एक्स पर लिखा, मज़ा फिर से वापस आ गया है! धमाल 4 की शुरुआत हो चुकी है। मालेश्वर घाट शेड्यूल खत्म, मुंबई शेड्यूल की शूटिंग शुरू! हंसी का धमाल शुरू हो चुका है! पहली तस्वीर में अजय, जावेद जाफरी, अंजलि आनंद, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और संजीदा शेख के साथ नजर आए। दूसरी तस्वीर में वह फिल्म के निर्माता और निर्देशक इंद्र कुमार और भूषण कुमार के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। गौरतलब है कि धमाल वर्ष 2007 में रिलीज हुई एक कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन इंद्र कुमार ने किया था। इस फिल्म की सफलता के बाद वर्ष 2011 में डबल धमाल और 2019 में टोटल धमाल का निर्माण हुआ। और अब धमाल सीरीज की चौथी फिल्म धमाल 4 का निर्माण किया जा रहा है।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जाति, भाषा, प्रांत और संप्रदायों का भेदभाव इतना जहरीला होता है कि वह न्याय, नीति, मानवता और कर्तव्य का बोध कभी नहीं होने देता। इनके बलबूते पर अयोग्य भी सत्ता की योग्यता प्राप्त कर लेते हैं। नीति शास्त्र कहता है कि अयोग्य के पास आई हुई सत्ता, सामर्थ्य और शक्ति सदैव लोगों के शोषण तथा उत्पीड़न का ही काम करती है। कमोबेश हम अपने देश के अनेक प्रांतों में और विश्व के अनेक देशों में यही स्थिति देख रहे हैं। यह कलयुग की करुण दर्दनाक कथा है।



# महावीर जयंती के मौके पर अन्नदान एवं लड्डू का वितरण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मदुरै। यहां श्री साँचा सुमतिनाथ राजेंद्रसूरी जैन श्वेताम्बर ट्रस्ट के द्वारा भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक दिवस के उपलक्ष्य में साँचा सुमतिनाथ मंदिर के बाहर लगभग 500 लोगों को लड्डु का महाप्रसादी वितरित की गई।

श्री महावीर जैन सेवा मण्डल अध्यक्ष विजयराज गुलेच्छा ने बताया कि उसी दिन मण्डल द्वारा मदुरै के आस पास ओल्डहोम में जाकर 500 लोगों को मिठाई व भोजन के पैकेट वितरित किए। प्रवक्ता दिनेश सालेचा ने बताया किइस दौरान ट्रस्ट मण्डल एवं मण्डल सदस्य मौजूद रहे।

# हाई लाइफ प्रदर्शनी में मिलेगा लेटेस्ट फैशन और स्टाइलिश एक्सेसरीज़ का शानदार कलेक्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। फैशन और लाइफस्टाइल में दिलचस्पी रखने वालों के लिए हाई लाइफ प्रदर्शनी शानदार सौगात लेकर आ रही है। उसका आयोजन 15 और 16 अप्रैल को हयात रिजेंसी में होगा। यहां लेटेस्ट फैशन, आकर्षक आभूषण और स्टाइलिश एक्सेसरीज़ का शानदार कलेक्शन देखने को मिलेगा।

हाई लाइफ प्रदर्शनी में देश के टॉप डिज़ाइनरों द्वारा तैयार की गई खास रेंज प्रदर्शित की जाएगी। चाहे आप अपने वार्डरोब को अपडेट करना चाहते हों या स्टाइल को निखारने के लिए कुछ अनूठा खोज रहे हों, यह प्रदर्शनी हर फैशनप्रेमी की पसंद को पूरा करने का वादा करती है।

हाई लाइफ न सिर्फ शॉपिंग का मौका देगी, बल्कि फैशन और खूबसूरती के नए आयाम पेश करेगी। इसके आयोजकों ने बताया कि यह प्रदर्शनी चेन्नईवासियों के लिए यादगार अनुभव होगी। फैशन के इस अनूठे जश्न का हिस्सा बनकर स्टाइल को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं।



# सुन्दरकांड की चौपाइयों व हनुमान धुन से गुंजायमान हुआ गोड़वाड़ भवन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। श्री हनुमान सेवा समिति द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव शनिवार को गोड़वाड़ भवन में मनाया गया। इस अवसर पर भवन सभागार में वीर बजरंगबली व प्रभु श्रीराम दरबार की सुंदर झांकी सजाई गई। दोपहर में समिति के रोहित सुशील टिबरेवाल ने अपने परिवार सहित भगवान श्रीराम व हनुमानजी की पूजा अर्चना की और हनुमानजी महाराज की ज्योति प्रज्वलित की गई। तत्पश्चात शहर के जाने–माने गायक हरिकिशन सारड़ा और उनकी जसवंतगढ नागरिक परिषद की टीम द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का वाचन किया गया। पूरा गोड़वाड़ भवन दोपहर में सुन्दरकांड की चौपाइयों व राम–हनुमान धुन से गुंजायमान होता रहा।

सुंदरकांड पाठ में बड़ी संख्या में भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा हरिकिशन सारड़ा ने अपने चिर परिचित शैली में भजनों के साथ सुन्दरकांड की प्रस्तुति देते हुए पूरा सभागार को हनुमानमय बना दिया। इस अवसर पर समिति के अनेक सदस्यों ने भी परिवार सहित सुन्दरकांड पाठ में भाग लिया।



# विजयनगर तेरापंथी महिलाओं ने जाना एक बूंद जल का महत्त्व

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर द्वारा 'जल संरक्षण अभियान' के तहत शुक्रवार को तेरापंथ भवन में 'एक बूंद– एक सागर' विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्ष मंजू गादिया ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता की भूमिका में उपस्थित मोटिवेशनल स्पीकर भावना कोठारी का परिचय रेखा छाजेड़ ने दिया। भावना कोठारी ने कहा कि जल है तो कल है।

जल हमें मुफ्त में प्राप्त होता है इसलिए हम उसकी कदर नहीं करते किंतु वर्तमान समय में विश्व के कई शहरों में शुद्ध जल की अत्यंत कमी हो गई है उसे देखते हुए हमें इस ओर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने टिप्स देते हुए बताया कि किस प्रकार हम अपने दैनिक कार्यों में थोड़ा सा ध्यान रखकर काफी पानी बचा सकते हैं। उन्होंने बारिश के पानी का संग्रहण जल स्रोतों के रखरखाव आदि कई उपाय बताएं जिसके द्वारा जल संरक्षण कर सकते हैं। उन्होंने जल बचाने हेतु सभी से छोटे–छोटे संकल्प करवाते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों को भी पानी के महत्व के बारे में समझाना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी भी जल संरक्षण के प्रति सचेत बन सके। मंडल द्वारा मुख्य वक्ता भावना कोठारी का सम्मान किया गया। संयोजिका सुमन कोठारी ने संचालन किया एवं आभार ज्ञापन सहसंयोजिका संगीता ने किया। कार्यशाला के पश्चात मंडल द्वारा वर्षीतप करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया।



# समन्वय क्लब की नई टीम नियुक्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। समाज सेवा और सदस्यों के मनोरंजन के प्रति समर्पित समन्वय क्लब ने अपना 16वां स्थापना दिवस मनाया। जिसमें 100 से अधिक सदस्य उपस्थित रहे। 16 वर्षों की क्लब की यात्रा प्रेरणादायक रही है, और क्लब भविष्य में भी समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और सदस्यों के बीच सौहार्द बनाए रखने के संकल्प के साथ आगे बढ़ता रहेगा।

इस वर्ष, ममता भूतड़ा को समन्वय क्लब की अध्यक्ष और अल्का दमानी को सचिव नियुक्त किया गया, जो क्लब की परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए समाज सेवा और मनोरंजन के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाएंगी।

नई कार्यकारिणी में निकिता चांडक को पूर्व अध्यक्ष, पूनम केला को उपाध्यक्ष, प्रीति सरडा को कोषाध्यक्ष, और मीनाक्षी सदानी को संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया, जबकि अनिता चांडक, एकता चांडक, राखी दलाल, श्रद्धा फोमरा, तनु चांडक, और वसुधा बिंजानी कार्यकारिणी समिति में शामिल हैं। सदस्यों ने इन सभी पदाधिकारियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं, साथ ही क्लब के विकास में उनके योगदान की आशा व्यक्त की।

क्लब की संस्थापक विमला देवी दमानी, की प्रेरणादायक उपस्थिति ने समारोह की गरिमा बढ़ाई। समन्वय क्लब का उद्देश्य सामाजिक सेवा के साथ–साथ सदस्यों को रचनात्मक गतिविधियों, सांस्कृतिक आयोजनों और मनोरंजन के माध्यम से जोड़ना है। कार्यक्रम के अंत में, अल्का दमानी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी उपस्थित अतिथियों, सदस्यों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# थिरुथुराईपोंडी के पास भारी बारिश के कारण ढही दीवार, एक की मौत

तिरुवरुर । तमिलनाडु के तिरुवरुर जिले के थिरुथुराईपूंडी में भारी बारिश के कारण हुए एक हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई। तेज हवाओं के साथ हुई मूसलाधार बारिश से एक फूस का घर ढह गया, जिसके मलबे में दबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।हादसा थिरुथुराईपूंडी के मदप्पुरम–आठुर रोड इलाके में शुक्रवार देर रात हुआ। मृतक की पहचान 38 वर्षीय आनंदराज के रूप में हुई, जो पेशे से राजमिस्त्री था। वह अकेले इस मकान में रहता था, जिसकी संरचना पुरानी और कमजोर थी। स्थानीय पुलिस के अनुसार, रात में भारी बारिश के दौरान मकान की एक दीवार अचानक ढह गई। मलबे में दबने से आनंदराज के सिर में गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही थिरुथुराईपूंडी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए थिरुथुराईपूंडी सरकारी अस्पताल भेजा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बारिश ने क्षेत्र में कई पुराने मकानों को नुकसान पहुंचाया है। कुछ निवासियों ने प्रशासन से कमजोर संरचनाओं की जांच और मरम्मत के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है।तिरुवरुर जिले में बीती रात भारी बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव और यातायात व्यवधान की स्थिति भी देखी गई।

## गुरु इकतीसा पाठ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु में शनिवार को संतश्री मलयप्रभसागरजी की प्रेरणा से विमलनाथ जैन मंदिर दादावाड़ी बसवनगुड़ी में जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट के तत्वावधान में खरतरगच्छ युवा परिषद द्वारा चैत्र पूनम के अवसर पर दादागुरुदेव इकतीसा पाठ और भक्ति का आयोजन किया गया जिसमें भजन गायक अंकित गोलेछा, अरविंद चोपड़ा और रौनक जैन ने भक्ति की प्रस्तुति दी। इस अवसर दादावाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष तेजराज मालानी सहित खरतरगच्छ युवा शाखा के अनेक सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक विकास पारख और हेमंत गोलेछा ने व्यवस्था संभाली।




# बीजेएस चेंगलपट्टू चैप्टर द्वारा सेवा कार्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां भगवान महावीर के जन्म कल्याणक दिवस भारतीय जैन संगठन चेंगलपेट्टू चैप्टर द्वारा मानव सेवा की सच्ची भावना के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर 500 लोगों को भोजन, लड्डु, छाछ और पानी की बोतलों के साथ सेवा प्रदान की गयी। रक्तदान का आयोजन किया गया जिसमें 32 यूनिट रक्त का संचय किया या। जो वास्तव में एक महादान और जीवन रक्षक कार्य है। इस विशेष दिन पर ज़रूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आकर रक्तदान करने वाले हर एक रक्तदाता का हृदय से आभार व्यक्ति किया।

बीजेएस चेंगलपट्टू के सदस्यों द्वारा तैयार इन–हाउस कैटरिंग जिसमें टीम के सदस्यों ने खुद के हाथ से खाना बनाया यह विशेषता रही। भोजन व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने में केएपी कैटरिंग सर्विस एवं चंद्रशेखर और आनंद मूंदड़ा का सराहनीय सहयोग रहा।

इस चैप्टर के अध्यक्ष पदम मरलेचा, सचिव जितेन्द्र मकाना ने सभी सहयोगियों और प्रतिभागियों का दिल से आभार व्यक्त किया।




# कर्नाटक प्रांतीय जैन कॉन्फ्रेंस ने तीन दिन मनाया प्रभु महावीर का जन्मकल्याणक

## आयोजित किया सम्मान कार्यक्रम, जीवदया व नवकार जाप के कार्यक्रम

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, कर्नाटक प्रांत के अध्यक्ष प्रकाश बुरड़, महिला अध्यक्षा संतोष आच्छे, युवा अध्यक्ष आशीष भंसाली के नेतृत्व में प्रभु महावीर जन्म कल्याणक के मौके पर त्रि–दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मंगलवार को अक्षय तृतीया पारणा, नवकार महामंत्र का जाप, मानव सेवा कार्यक्रम, जीव दया कार्यक्रम आदि किए गए। सबसे पहले दिन आदि श्रेयांस स्थानकवासी पारणा समिति त्यागराजनगर में स्थानकवासी वर्षीतप वाले सभी तपस्वियों की सुखसाता पूछते हुए तपस्वियों व लाभार्थियों का सम्मान किया गया। बुधवार को जीतो द्वारा आयोजित विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर जैन कॉन्फ्रेंस ने गणेश बाग में महामंत्र नवकार का जाप किया। प्रभु महावीर जन्म कल्याणक दिवस के मौके पर सबसे पहले जीवदया कार्य के तहत तुलसी टोटा मैजेस्टिक में कबूतरों को दाना डाला जिसमें जीवदया युवा चेयरमैन दीपक भंडारीएवं सहचेयरमैन किशन बोहरा का सहयोग रहा।

इसके अलावा शेषाद्रिपुरम स्थित मातृश्री मनोविकास केंद्र में मानवसेवा हेतु आवश्यक वस्तुए प्रदान की गई। कुंडलपुर नगरी, फ्रीडम पार्क में आयोजित श्री महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में छाछ वितरण का आयोजन शांतिलाल मानमल कानूंगा परिवार के सौजन्य से हुआ।

इन सभी कार्यक्रम में जैन कॉन्फ्रेंस, कर्नाटक के प्रमुख मार्गदर्शक राजेंद्रप्रसाद कोठारी शांतिलाल पोखरना, पन्नालाल कोठारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पुखराज मेहता, सुरेश छल्लानी जैन, राष्ट्रीय महिला प्रमुख मार्गदर्शिका आरती बुरड़, राष्ट्रीय मंत्री कन्हैयालाल सुराणा, राष्ट्रीय जीवन प्रकाश योजना के अध्यक्ष बाबूलाल रांका, मंत्री अशोक धोका जैन, राष्ट्रीय वैयावच्च मंत्री रतन सिंघी, प्रांतीय उपाध्यक्ष दिनेश पोखरना,सुरेन्द्र आंचलिया, हस्तीमल बाफना, जसवंत गन्ना, किशोर दलाल, महामंत्री नेमीचंद दलाल, कोषाध्यक्ष पुखराज आँचलिया, सहकोषाध्यक्ष ललित मेहता सहित महिला व युवा शाखा से अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# बीजेएस कार्यकर्ताओं की दक्षिण पालर रीजन की तीन दिवसीय यात्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयंबतूर। भारतीय जैन संघटना (बीजेएस) के राज्य भर में कार्यरत सैकड़ों कार्यकर्ताओ से रु–ब–रु होने एवं समाज को बीजीएस के कार्यों की जानकारी प्रदान करने हेतु बीजेएस तामिलनाडु के शीर्ष नेतृत्व ने राज्य भर की यात्रा करने का निश्चय किया है। इसी क्रम में दक्षिण पालर रीजन की तीन दिवसीय संपर्क यात्रा 9 अप्रैल को सम्पन्न हुई। बीजीएस तमिलनाडु के अध्यक्ष कमल किशोर तातेर के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में पूर्वाध्यक्ष रमेश पट्टावरी, महासचिव राजेश पोकरना, उपाध्यक्ष दीपक संचेती, रीजन अध्यक्ष जवाहरलाल आछा, सचिव अरविंद संकलेचा उपस्थित थे। इस यात्रा में न सिर्फ़ कार्यकर्ताओं को बल्कि पूरे जैन समाज को जोड़ने का प्रयास किया गया जिससे कार्यकर्ताओं में नया जोश एवं ऊर्जा का संचार हुआ।

यात्रा के दौरान मदुरांतक्कम पुरुष एवं महिला विंग, तिरुवल्लूर महिला विंग एवं नेमली चैप्टर का गठन किया गया। यात्रा में क़रीब 16 क्षेत्रों का दौरा किया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने एवं जैन संघों के पदाधिकारियों ने तमिलनाडु जैन समाज के समक्ष जो चुनौतियां है उसके समाधान हेतु संगठित होकर कार्य करने का संकल्प लिया। नए चैप्टर्स के गठन के साथ तमिलनाडु में कुल 103 चैप्टर्स जिसमें 61 पुरुष विंग एवं 42 महिला विंग का विशाल नेटवर्क समाज हित में कार्यरत है।

# दो बार सत्यापन करें और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें : साइबर अपराध शाखा

चेन्नई।साइबर धोखाधड़ी का शिकार होने से लोगों को बचाने के लिए समाचारों के दो बार सत्यापन और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचने की सलाह दी गई है। पुलिस विभाग की साइबर अपराध शाखा ने शनिवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने लोगों से यह भी अपील की है कि वे असत्यापित स्रोतों के माध्यम से प्रचारित किसी भी निवेश योजना या शेयरों की खरीद बिक्री के मंच पर भरोसा न करें, भले ही वे सार्वजनिक हस्तियों द्वारा समर्थित प्रतीत हों। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट का हवाला देते हुए साइबर अपराध विभाग ने कहा कि इस तरह के मीडिया पोस्ट का प्रसार (जिसमें गायिका श्रेया घोषाल जैसी सार्वजनिक हस्तियों द्वारा निवेश वेबसाइट का समर्थन करने से संबंधित फर्जी खबरें शामिल हैं) सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के लिए एक बड़ा खतरा पैदा करता है।

इस पोस्ट में मशहूर हस्तियों से संबंधित सनसनीखेज शीर्षक और लोकप्रिय समाचार आउटलेट के जाली लोगो शामिल हैं जो 'स्टॉक ट्रेडिंग' के माध्यम से निवेश के अवसरों को बढ़ावा देते हैं एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि विभाग के अधिकारियों की एक टीम सक्रिय रूप से सोशल मीडिया मंचों पर नजर रख रही है और धोखाधड़ी वाले हैंडल और वेबसाइटों को बंद कर रही है। अब तक हमने 25 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) हैंडल और पोस्ट की पहचान की है, जिनमें श्रेया घोषाल द्वारा कथित तौर पर कुछ ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म को बढ़ावा देने के बारे में गलत जानकारी दी गई है और इन सभी हैंडल को निलंबित कर दिया गया है।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.